डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

77 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 14.08.2023 से 20.08.2023 | वर्ष-40 | अंक-34 | मूल्य ₹ 0.00

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में युवाओं को मिलेगा प्रशिक्षण

भोपाल, 'मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना' में पंजीयन कराकर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी 1562 युवाओं को 'ऑन द जॉब ट्रेनिंग' के माध्यम से प्रशिक्षण दिलायेगी। साथ ही उन्हें स्टायपेंड भी मिलेगा। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के तहत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएशन पास बेरोजगार युवाओं को इलेक्ट्रिशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, लाइनमैन, स्टेनोग्राफर (हिंदी/अंग्रेजी), इंजीनियरिंग (सिविल/इलेक्ट्रिकल), एजीक्यूटिव (एच आर/अकाउंट) आदि पदों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

उज्जैन में बनेगा देश का पहला यूनिटी मॉल

उज्जैन, देश का पहला यूनिटी मॉल मध्यप्रदेश के उज्जैन में बनेगा। इसके निर्माण के लिये वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 284 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये हैं। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से यह उपलब्धि मिली है। उन्होंने यूनिटी मॉल का निर्माण समय-सीमा में करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। यह स्वीकृति भारत सरकार की 'स्कीम ऑफ स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर केपिटल इन्वेस्टमेंट 2023-24' के तहत दी गई है।

प्रधानमंत्री ने रखी संत रविदास मंदिर की आधारशिला

संत रविदास मंदिर बनेगा भारतीय संस्कृति और समरसता का केंद्र

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बड़तुमा सागर में 11 एकड़ भूमि पर लगभग 100 करोड़ की लागत से आकार लेने वाले संत शिरोमणी श्री रविदास जी के स्मारक और मंदिर का वैदिक मंत्रोचार के साथ भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। उन्होंने शिला-पट्टिका का अनावरण भी किया और मंदिर की प्रतिकृति का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सागर जिले के बड़तुमा में संत शिरोमणि श्री रविदास जी के स्मारक और मंदिर का शिलान्यास किया

सागर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने संत रविदास मंदिर के भूमिपूजन से पहले उपस्थित विभिन्न सम्प्रदायों के साधु-संतों का अभिवादन किया। इसी के साथ प्रदेश के पाँच स्थानों से प्रारंभ की गई समरसता यात्रा का भी समापन हुआ।

उल्लेखनीय है कि फरवरी माह में ही मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने समरसता के प्रणेता श्री संत रविदास जी के भव्य और दिव्य रूप में स्मारक और मंदिर निर्माण कराने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए शिलान्यास के बाद अब यहां भव्य और अलौकिक मंदिर बनेगा। यह मंदिर नागर शैली में दस हजार वर्गफुट में बनेगा। यहां इंटरप्रिटेशन म्यूजियम भी बनेगा। संस्कृति और रचनात्मक के साथ संत रविदास के कृतित्व-व्यक्तित्व को प्रदर्शित करने वाला संग्रहालय भी इस परिसर में बनेगा। संग्रहालय में चार गैलरी बनेंगी, जिनमें भक्ति मार्ग, निर्गुण पंथ में योगदान, संत जी का दर्शन और उनके साहित्य, समरसता का विवरण भी रहेगा लाइब्रेरी के अलावा संगत हाल, जल कुंड, भक्त निवास भी बनेगा, जो आध्यात्मिक और आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। भक्त निवास में देश-विदेश से संत रविदास के अनुयायी और अध्येता आएंगे, जिन्हें संत जी के जीवन से प्रेरणा मिलेगी। पन्द्रह हजार वर्गफुट में भोजनालय का निर्माण होगा। मंदिर में दो भव्य प्रवेश द्वार होंगे, सीसीटीवी कैमरे और लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी।

- **बड़तुमा में 11 एकड़ भूमि पर सौ करोड़ रुपये की लागत से बनेगा मंदिर।**
- **यह मंदिर नागर शैली में एक हजार वर्गफुट क्षेत्र में बनेगा।**
- **संत रविदास मंदिर आध्यात्म कला संग्रहालय भी होगा।**

वास्तु और विन्यास अनुसार संत रविदास जी का मंदिर अध्यात्म कला संग्रहालय भी होगा, जो श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व स्थल होगा। दार्शनिक, अध्येता और जिज्ञासु भी देश-विदेश से आएंगे। संत रविदास जी का कृतित्व-व्यक्तित्व और दर्शन पूरी दुनिया के लिए प्रेरणादायी होगा।

राज्य सरकार का पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला

भोपाल, राज्य शासन ने पेंशनरों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को एक जुलाई 2023 से छठवें वेतनमान में मूल पेंशन, परिवार पेंशन पर 212 प्रतिशत की दर से और सातवें वेतनमान में 38 प्रतिशत की दर से महंगाई राहत स्वीकृत की है। छठवें वेतनमान में महंगाई राहत में वृद्धि की दर 11 प्रतिशत और सातवें वेतनमान में महंगाई राहत में वृद्धि की दर 5 प्रतिशत के बाद महंगाई दर में छठे वेतनमान में 212 प्रतिशत और सातवें वेतनमान में 38 प्रतिशत की वृद्धि होगी। आदेश के अनुसार 80 वर्ष या उससे अधिक की आयु के पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी महंगाई राहत देय होगी। महंगाई राहत अधिवार्षिकी, सेवा-निवृत्त, असमर्थता तथा क्षतिपूर्ति पेंशन पर देय होगी। सेवा से पदच्युत या सेवा से हटाए गए कर्मचारियों को स्वीकार किए गए अनुकंपा भत्ता पर भी महंगाई राहत की पात्रता होगी।

आज़ादी के अमृतकाल में विकसित राष्ट्र की ओर कदम बढ़ा रहा है भारत - प्रधानमंत्री

विदिशा, आज़ादी के अमृत काल के प्रारंभ में ही भारत विकसित राष्ट्र होने की दिशा में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नये संकल्प के साथ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नये अध्याय की शुरुआत हो रही है, जब 25 हजार करोड़ रुपये की लागत से भारत के 508 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकता के साथ विकास और पुनर्निर्माण कार्य प्रारंभ हो रहा है। 'अमृत भारत रेलवे स्टेशनों योजना' में देश के 1300 स्टेशनों का विकास किया जाएगा। इस उपलब्धि के लिये मैं रेलवे मंत्रालय की सराहना करता हूं और सभी देशवासियों को बधाई देता हूं। ये बातें प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना अंतर्गत मध्यप्रदेश के विदिशा सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस योजना में भारत के सभी राज्य लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश में एक हजार करोड़ रुपये की लागत से 34 रेलवे स्टेशनों का विकास और पुनर्निर्माण किया जाएगा। उत्तरप्रदेश में चार हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से 55 रेलवे स्टेशनों का और महाराष्ट्र में एक हजार 500 करोड़ रुपये की लागत से 44 रेलवे स्टेशनों का विकास होगा। राजस्थान में 55 रेलवे स्टेशनों का विकास होगा। तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल और उत्तर पूर्व के राज्यों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा।

श्री मोदी ने कहा कि गत 9 वर्षों में भारतीय रेलवे के नेटवर्क में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इस दौरान भारत में साउथ अफ्रीका, यूक्रेन, पोलैंड, ब्रिटेन और स्वीडन में जितना रेलवे नेटवर्क है, उससे अधिक नेटवर्क बिछाया गया। भारत में आधुनिक ट्रेन संख्या भी तेजी से बढ़ रही है।

सामाजिक क्रांति है लाड़ली बहना योजना - मुख्यमंत्री

रीवा, लाड़ली बहना योजना एक सामाजिक क्रांति है। योजना में प्रतिमाह उपलब्ध कराया जा रहा एक हजार रुपये केवल पैसा नहीं, बहन-बेटियों का सम्मान है। बहन-बेटियों का आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़े, परिवार में उनका महत्व और समाज में उनका मान हो, इस उद्देश्य से ही यह योजना शुरू की गई है। योजना में बहनों को प्रतिमाह दी जा रही एक हजार रुपये की राशि को क्रमशः बढ़ाकर प्रतिमाह 3 हजार रुपये किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने रीवा में राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने एक लाख 81 हजार जनजातीय बहनों के खातों में पोषण आहार के लिए आहार अनुदान योजना के 18 करोड़ 16 लाख रुपये सिंगल क्लिक से

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान रीवा में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित करते हुए

अंतरित किए। श्री चौहान ने कहा कि विंध्य क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। बिजली, सड़क, पानी, सिंचाई, शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों से अंचल का समग्र विकास हुआ है। भारतीय समाज में प्राचीन काल से ही बहन-बेटियों की पूजा होती रही है। ऐतिहासिक रूप से बीच का कालखण्ड ऐसा आया जिसमें बेटियों के साथ भेदभाव होने लगा, बेटी को जन्म से ही अभिशाप और बेटे को कुल का दीपक और बुढ़ापे का सहारा माना जाने लगा। बेटियों के साथ अन्याय होने लगा और बेटियां कोख में ही मारी जाने लगीं। इस पीड़ादायी और वेदना से भरी स्थिति को बदलने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध थी। बेटी को बोझ न समझा जाए, वह वरदान बने इसी उद्देश्य से लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई।

- **मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 25 लाख बहनों के खातों में अंतरित की लाड़ली बहना योजना की तीसरी किश्त।**
- **मुख्यमंत्री 27 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर प्रदेश की बहनों से करेंगे संवाद।**

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की सामाहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

5 अगस्त

सीबीएसई ने जारी किया कंपार्टमेंट परीक्षा का रिजल्ट

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं का कंपार्टमेंट रिजल्ट जारी कर दिया है। जिन छात्रों ने 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा दी है, वे बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट results.cbse.nic.in से अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को रोल नंबर, स्कूल नंबर और एडमिट कार्ड आईडी दर्ज करनी होगी। इस साल सीबीएसई कक्षा 10वीं की कंपार्टमेंट परीक्षा कुल 1,27,622 छात्रों ने दी थी, जिसमें से 60,551 विद्यार्थी पास हुए हैं। इस तरह 47.40 प्रतिशत छात्रों को सफलता मिली है। 10वीं कंपार्टमेंट परीक्षा में 49.90 प्रतिशत लड़कियां, जबकि 46 प्रतिशत लड़के उत्तीर्ण हुए हैं। बता दें, सीबीएसई बोर्ड द्वारा 12वीं कंपार्टमेंट परीक्षा का रिजल्ट 2 अगस्त को जारी किया जा चुका है।

● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी है, जिसे संसद के अगले सत्र में लाया जा सकता है। सरकार ने सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी मसौदा विधेयक में दूरसंचार सेवाओं के दायरे में इंटरनेट आधारित संचार सेवाओं, उड़ान और समुद्री कनेक्टिविटी सेवाओं, पारस्परिक संचार सेवाओं, मशीन-टू-मशीन संचार सेवाओं और ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार सेवाओं को शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। सरकार ने परामर्श प्रक्रिया के दौरान कहा था कि भारतीय दूरसंचार विधेयक का केंद्र बिंदु उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा होगी।

6 अगस्त

कम्प्यूटर के आयात पर 31 अक्टूबर के बाद लगेगा प्रतिबंध

● सरकार ने कम्प्यूटर, लैपटॉप और टैबलेट के आयात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला

31 अक्टूबर तक टाल दिया है। सरकार के इस फैसले से इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों को बिना लाइसेंस के इन उपकरणों को आयात करने के लिए अधिक समय मिल सकेगा। लेकिन इन कंपनियों को 1 नवंबर से इन उपकरणों को आयात करने के लिए सरकार से लाइसेंस लेना होगा। भारत सरकार ने एक नोटिफिकेशन जारी कर बताया कि आयात खेप को बिना लाइसेंस के 31 अक्टूबर तक मंजूरी दी गई है। 1 नवंबर से आयात की मंजूरी के लिए सरकारी परमिट की आवश्यकता होगी। नोटिफिकेशन में कहा गया है कि कंपनियां 31 अक्टूबर 2023 तक लैपटॉप, टैबलेट, ऑल-इन-वन पर्सनल कम्प्यूटर, अल्ट्रा-स्मॉल फॉर्म फैक्टर कम्प्यूटर और सर्वर को पहले की तरह आयात कर सकती हैं।

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने मद्रास विश्वविद्यालय के 165वें दीक्षांत समारोह में कहा कि वर्ष 1857 में स्थापित मद्रास विश्वविद्यालय को भारत के सबसे पुराने आधुनिक विश्वविद्यालयों में से एक होने का गौरव प्राप्त है। इस विश्वविद्यालय ने ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 165 से अधिक वर्षों की अपनी यात्रा के दौरान, मद्रास विश्वविद्यालय ने शिक्षण के उच्च मानकों का पालन किया है, एक ऐसा वातावरण प्रदान किया है जो बौद्धिक जिज्ञासा और महत्वपूर्ण सोच का पोषण करता है। यह अनगिनत विद्वानों, नेताओं और दूरदर्शी व्यक्तित्व के सृजन का एक उद्गम स्थल रहा है, इसने एक प्रकाश स्तम्भ के रूप में भी कार्य किया है, जो भारत के दक्षिणी क्षेत्र में कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों की स्थापना और विकास में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

7 अगस्त

सरकारी बैंकों ने कमाया दोगुने से ज्यादा मुनाफा

● सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही यानी अप्रैल-जून



2023 में सालाना आधार पर दोगुने से अधिक 34,774 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि के दौरान इन बैंकों ने 15,306 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। यानी साल भर में ही सरकारी बैंकों का मुनाफा डबल से भी ज्यादा हो गया है। बढ़ोतरी के मामले में सबसे आगे पंजाब नेशनल बैंक है। जून तिमाही में पीएनबी को 1,255 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ, जो साल भर पहले की समान तिमाही में 308 करोड़ रुपये था। इस तरह पीएनबी का मुनाफा साल भर में 307 फीसदी बढ़ा, वहीं एसबीआई के मुनाफे में सालाना आधार पर 178 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई।

● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत नेट परियोजना के अंतर्गत 6.4 लाख गांवों को ब्रॉडबैंड से जोड़ने के लिए 1.39 लाख करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी है। फिलहाल भारतनेट प्रोजेक्ट के तहत 1.94 लाख गांवों को जोड़ा जा चुका है। इस दौरान 5.75 लाख किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया जा चुका है और बाकी गांवों को ढाई साल में जोड़ने की संभावना है। बीएसएनएल की शाखा भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड ग्राम स्तरीय उद्यम (वीएलई) के साथ मिलकर देश के अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी उपलब्ध कराएगी। इस परियोजना के तहत घरों को जोड़ने के लिए जरूरी उपकरण और अतिरिक्त फाइबर बीबीएनएल द्वारा प्रदान किए जाते हैं और स्थानीय उद्यमियों को नेटवर्क के रखरखाव का काम सौंपा गया है।

8 अगस्त

राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 अगस्त तक आवेदन

● प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) 2024 के लिए आवेदन प्रक्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल https://awards.gov.in पर शुरू हो गई है, जो 31 अगस्त तक चलेगी। यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते हैं। कोई भी बच्चा, जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है, और 18 वर्ष से अधिक आयु का नहीं है, वो पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। कोई अन्य व्यक्ति भी योग्य बच्चे को पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकता है।

● इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सीए फाउंडेशन कोर्स का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जून में हुई परीक्षाओं में जो छात्र शामिल हुए थे, वे इंस्टीट्यूट की आधिकारिक वेबसाइट https://icai.nic.in/ पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। यहां रिजल्ट लिंक पर क्लिक करके छात्रों को अपना रोल नंबर, जन्म तिथि और अन्य जरूरी जानकारी दर्ज करनी होगी।

9 अगस्त

सरकार ने फर्जी खबर फैलाने पर 8 यू-ट्यूब चैनलों को किया बंद

● सरकार फर्जी खबरों को लेकर काफी सजग है। अगर समाज एवं समुदाय को प्रभावित करने वाली खबरें आती हैं, तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। इस कड़ी में सरकार ने लोकसभा चुनावों की घोषणा और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों पर प्रतिबंध जैसी फर्जी खबरें फैलाने वाले आठ यू-ट्यूब चैनलों को बंद कर दिया है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि यह चैनल बिना किसी तथ्य के समय से पहले लोकसभा चुनाव की घोषणा करने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित फेक खबरें फैला रहे थे। मंत्रालय के अनुसार सच देखो, कैपिटल टीवी, केवीएस न्यूज, सरकारी ब्लॉग, अर्न टेक इंडिया, एसपीएन-9 न्यूज, एजुकेशनल दोस्त और वर्ल्ड बेस्ट न्यूज पर मौजूद वीडियो का पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने फैक्ट चेक किया था, जिसमें ये खबरें फर्जी पाई गईं, जिसके बाद इन पर कार्रवाई की गई है।

● सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, सॉवरेन प्रतिनिधि के रूप में प्रतिष्ठित रॉयल मिलिट्री अकादमी, सैंडहर्स्ट में कमीशनिंग कोर्स 223 की 201वीं सॉवरेन पेरेड की समीक्षा करने के लिए ब्रिटेन रवाना हुए। रॉयल मिलिट्री अकादमी सैंडहर्स्ट में सॉवरेन पेरेड एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम है, यह अपने शानदार इतिहास और दुनिया भर के अधिकारी कैडेटों के पासिंग आउट के लिए जाना जाता है। जनरल मनोज पांडे पेरेड में सॉवरेन प्रतिनिधि बनने वाले भारत के पहले सेनाध्यक्ष हैं। अपनी यात्रा के दौरान वह रॉयल मिलिट्री अकादमी में गौरवपूर्ण स्थान रखने वाले भारतीय सेना स्मारक कक्ष का भी दौरा करेंगे।

10 अगस्त

आरबीआई ने रेपो रेट में नहीं किया बदलाव

● रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (एमपीसी) ने रेपो रेट में किसी तरह का बदलाव नहीं करने

का फैसला किया है। यह 6.5 फीसदी पर बनी रहेगी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने एमपीसी की बैठक के बाद कहा कि बैंक मजबूत हैं, एनपीए घटा है, कॉरपोरेट बैलेंस शीट मजबूत हुई है। भारत के मजबूत मैक्रोइकोनॉमिक फंडामेंटल बने हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती बनी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था बढ़ी हुई मजबूती और स्थिरता का संकेत दे रही है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

● पेंशन भोगियों के जीवन को आसान बनाने के लिए पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग (डीओपीपीडब्ल्यू) डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) यानी 'जीवन प्रमाण' को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रहा है। मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार के सभी पेंशनभोगियों के साथ-साथ पेंशन वितरण करने वाले अधिकारियों के लिये डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डीएलसी या फेस ऑथेन्टिकेशन तकनीक के उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से डीओपीपीडब्ल्यू ने नवंबर 2022 में देश भर के 37 शहरों में एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया था। यह अभियान एक बड़ी सफलता थी, जिसमें केंद्र सरकार के पेंशन भोगियों के 35 लाख से अधिक डीएलसी जारी किए गए थे। इसी तरह का अभियान अब 1 से 30 नवंबर, 2023 तक देश भर के 100 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

11 अगस्त

डाक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

● भारतीय डाक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि डाक विभाग अपनी 160 वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा के साथ, राष्ट्र की सेवा के प्रतीक के रूप में खड़ा है। लगभग 1,60,000 डाकघरों के व्यापक नेटवर्क के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क है। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक नेटवर्क एक एकीकृत सूत्र के रूप में कार्य करता है, जो हमारी संस्कृतियों और परंपराओं की विशाल श्रृंखला को एक सूत्र में बांधता है।

● केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत मंत्री श्री राजकुमार सिंह ने बताया कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए नवंबर, 2022 में राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम (एनबीपी) अधिसूचित किया था। यह कार्यक्रम 1715 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय के साथ दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण के लिए 858 करोड़ रुपये का बजटीय परिव्यय रखा गया है। यह कार्यक्रम बायो ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें
टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))	रंगीन (रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm))
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रैक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार
चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in
नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 33 14.08.2023 से 20.08.2023
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - मनीष सिंह
- सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

स्वतंत्रता का उत्सव और अमृतत्व का संकल्प

हम अपनी स्वतंत्रता के 76 वर्ष पूरे कर रहे हैं और 77वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस एक ओर जहां हमारी स्वतंत्रता के उत्सव का दिन है, वहीं यह विचार करने और संकल्प लेने का भी अवसर है कि हमारा भारत भविष्य में कैसा स्वरूप ग्रहण करे। दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय स्वतंत्रता के अमृतत्व के लिए अगले 25 वर्षों का संकल्प व्यक्त किया और आजादी की 75वीं वर्षगांठ से दो वर्ष तक अमृत महोत्सव में नए भारत निर्माण की नींव रखी। इसमें आर्थिक, सामाजिक और बौद्धिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया गया। विकसित भारत के विराट लक्ष्य के इस उत्सव में अनेक योजनाएं लागू की गयीं जिसमें चंद्र मिशन, आयुष निर्माण, तकनीकी में आत्मनिर्भरता, भारत को संसार में सर्वश्रेष्ठ अर्थशक्ति बनाने का संकल्प आदि अद्भुत, अनूठे और आधारभूत प्रयास हैं। लेकिन यह तभी संभव है जब राष्ट्र का आधार राज्य, राज्यों का आधार ग्राम और ग्रामों का आधार समाज आत्मनिर्भर बने। मध्यप्रदेश सरकार इसी दिशा में सक्रिय है। लगभग दो दशकों से चलने वाले प्रयासों के परिणाम सामने हैं। बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रदेश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। केंद्र की कई प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश आगे है हाल ही में नीति आयोग द्वारा जारी की गई बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि प्रदेश में एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी के दायरे के बाहर आ गये हैं।

प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के जीवन में यह परिवर्तन प्रदेश सरकार की संवेदनशीलता, जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण और आम जन तक शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचने के बाद आया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का मानना है कि प्रदेश में सामाजिक न्याय के लिए निरंतर बुनियादी नागरिक सुविधाएं बढ़ाकर कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को और मजबूत बनाया जाये। सिर्फ आय वृद्धि ही गरीबी कम होने का आधार नहीं है बल्कि अधोसंरचना की मजबूती के साथ नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार, पर्यावरण के संतुलन, वन्यप्राणियों के संरक्षण जैसे कार्यों से सम्पूर्ण समृद्धि भी इससे जुड़ी हुई है। आज मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों की सूची में सम्मिलित है। प्रदेश में अनाज का उत्पादन कई गुना बढ़ा है। मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से युवा उत्साह के साथ कार्य करने में अग्रसर हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियां लखपति बन रही हैं। लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं को राशि मिलने के साथ ही उनके सम्मान में वृद्धि हुई है। सीएम राइज विद्यालयों और एक्सप्रेस-वे का निर्माण, मेट्रो रेल प्रारंभ करने और निवेश को निरंतर बढ़ाने जैसे परिवर्तन हुए हैं। वर्तमान में 24 प्रतिशत इण्डस्ट्रियल ग्रोथ की उपलब्धि अर्जित की गई है। वर्ष 2047 के अमृत युग के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सात प्राथमिकताओं का चयन किया गया है इनमें पहली समावेशी विकास, दूसरी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, तीसरी अवसरंचना और निवेश, चौथी सक्षमता को सामने लाना, पांचवीं हरित विकास, छठवीं युवा शक्ति का पूरा उपयोग और सातवीं वित्तीय क्षेत्र को सक्षम बनाना। इन सात प्राथमिकताओं को सप्तर्षि की संज्ञा दी गई है। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में सरकार द्वारा इसी दिशा में कार्य किया जा रहा है।

खास शैवाल दूर करेगा बी-12 की कमी

हमारे शरीर को अनेक विटामिन की जरूरत होती है। मनुष्य द्वारा खाये जाने वाले विभिन्न पदार्थों से उसे यह हासिल होता है, लेकिन कई बार मनुष्य के शरीर में विटामिन की कमी हो जाती है। इसके अनेक कारण होते हैं। विभिन्न बीमारियों से अस्वस्थ होने की वजह से भी कई तरह के विटामिन की शरीर में कमी हो जाती है। मनुष्य शरीर में पाया जाने वाला एक ऐसा ही विटामिन है बी-12। यह शरीर के लिये अत्यन्त जरूरी बताया जाता है। इसकी पूर्ति के लिये मांसाहारी भोजन और डेयरी उत्पादों को प्रमुख स्रोत माना जाता है। परन्तु वीगन और शाकाहारियों के शरीर में इस विटामिन की कमी हो जाती है। ऐसे में अब वैज्ञानिकों ने ऐसे खास शैवाल की खोज कर ली है, जिसमें विटामिन बी-12 प्रचुर मात्रा में मौजूद रहता है। कैंब्रिज विश्वविद्यालय में किये गये शोध में बताया गया है कि खासकर पश्चिमी देशों में जिन लोगों ने मांसाहार और डेयरी वाले भोजन को छोड़ दिया है, उनमें इस विटामिन की काफी कमी पायी जाती है। लिहाजा उनके शरीर में रक्त के पोषण, तंत्रिका कोशिका के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में बाधा आती है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि अब इस समस्या का निदान संभव होगा। वैज्ञानिकों ने जानकारी दी है कि कई तरह के शैवाल में विटामिन बी-12 की मौजूदगी पाई गई है। प्रोफेसर एलियन स्मिथ ने बताया है कि इस विटामिन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होती हैं, मतली की समस्या, वजन गिरना, थकान और हृदय गति में बढ़ोतरी जैसी समस्यायें होती हैं और अगर हमारे शरीर में इस विटामिन की लगातार कमी रहे तो हमें एनीमिया, दिल की बीमारी और मधुमेह होने की आशंका बढ़ सकती है। एक अनुमान के अनुसार केवल ब्रिटेन में अब वीगन डाइट अपनाने वालों की आबादी दस लाख तक पहुंच गई है, तो देश की जनसंख्या का 1.5 प्रतिशत है। वहां पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों की बिक्री वर्ष 2018 से 49 फीसदी तक बढ़ गई है। यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रीशन के अनुसार गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के अलावा बुजुर्गों के लिये विटामिन बी-12 अत्यधिक जरूरी होता है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव

प्रत्येक व्यक्ति की संकल्पशीलता से ही अमृत युग का लक्ष्य प्राप्त होगा

यह भारत की स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव काल है। दो वर्ष पहले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत की स्वतंत्रता को अमृत स्वरूप प्रदान करने के लिये पांच संकल्प पूरे करने का आह्वान किया था। यह तभी संभव है, जब सरकार द्वारा देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये बनाई जा रही योजनाओं के साथ प्रत्येक व्यक्ति भी स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने और देश की आत्मनिर्भरता के संकल्प का सहभागी बने।

भारत को अपनी स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिये असाधारण संघर्ष करना पड़ा था। यह संघर्ष चारों ओर हुआ था। देश का ऐसा कोई कोना नहीं जहां लोग स्वतंत्रता संघर्ष के लिये सामने नहीं आये थे। सुदूर वनांचलों में रहने वाली जनजातियों से लेकर ग्रामवासी और नगरवासी सब हाथ में तिरंगा लेकर घरों से निकल पड़े थे। तब जाकर 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता के सूर्योदय के दर्शन भारतवासियों को हो सके। इस संघर्ष में असंख्य बलिदान हुए। ये बलिदान सशस्त्र क्रांतिकारियों के भी थे और अहिंसक आंदोलनकारियों के भी। अहिंसक आंदोलन के लिये निकाले गये कितने जुलूसों पर अंग्रेजों की अंधाधुंध गोलियां चलीं, जेल की क्रूरतम प्रताड़नाओं से कितने सेनानियों का बलिदान हुआ। यह सब इतिहास की पुस्तकों में दर्ज है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का उद्देश्य अंग्रेजों को भारत से बाहर कर अपनी स्वतंत्र सत्ता स्थापित करना तो प्रथम लक्ष्य था पर उनकी संकल्पना इतनी भर नहीं थी। उनके संघर्ष के सपनों में भारत की सर्वांगीण स्वाधीनता की संकल्पना थी। एक स्वतंत्र, स्वाचत और आत्मनिर्भर भारत राष्ट्र की। इसी संकल्पना का उल्लेख प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत महोत्सव आयोजन में किया था। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के आरंभ में की गई इस संपूर्ण स्वाधीनता की संकल्पना हमारे पूर्वजों के चिंतन में बहुत स्पष्ट मिलती है।

गांधी जी द्वारा किया गया पूर्ण स्वदेशी का आह्वान, उनकी रामराज्य और ग्राम स्वराज कल्पना, नेताजी सुभाषचंद्र बोस की उद्घोषणाएं और स्वतंत्रता के बाद आचार्य विनोबा भावे के सर्वोदय अभियान एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अन्त्योदय की अवधारणा भी भविष्य में भारत के इसी स्वरूप की संकल्पना है। इसे साकार करने का बीड़ा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उठाया है। उन्होंने भविष्य के भारत की ठीक वैसी ही सशक्त, समृद्ध और संपूर्ण स्वाधीनता संपन्न स्वरूप की कल्पना की है, जिसका उल्लेख इतिहास की पुस्तकों में मिलता है। जो लगभग हजार वर्ष तक हुए निरंतर बाह्य आक्रमणों से उत्पन्न विषम परिस्थितियों से कहीं खो गया है। इसे पुनः प्राप्त करने के लिये ही प्रधानमंत्री ने पच्चीस वर्ष का समय और पांच सूत्रों में एक साथ काम करने का आह्वान किया है। इन पांच सूत्रों में पहला 'विकसित भारत', दूसरा 'गुलामी से मुक्ति', तीसरा 'विरासत पर गर्व', चौथा 'एकता' एवं पांचवे सूत्र में 'नागरिकों का कर्तव्य' रखा गया है। प्रधानमंत्री ने इन पांच सूत्रीय संकल्पना के लक्ष्य को तीन शब्दों में बांटा। पहला 'अमृत महोत्सव'। इसकी अवधि दो वर्ष निर्धारित की थी। यह अवधि इस वर्ष पूरी हो रही है। इस अवधि में स्वतंत्रता के पचहत्तर वर्ष पूरे होने का उत्सव तो मनाया गया पर साथ ही एक स्वाभिमान संपन्न समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिये सभी आवश्यक योजनाओं की आधार

शिला भी रखी गई। दूसरा शब्द 'अमृत काल' है। यह वह अवधि है जिसमें भारत पुनः विश्व में अपने सर्वश्रेष्ठ स्थान को अर्जित करने का संकल्प पूरा करेगा इसके लिये वर्ष 2047 का वर्ष निर्धारित किया है। यह वर्ष भारत की स्वतंत्रता का सौवां वर्ष होगा और अंत में 'अमृत युग' जो इस उपलब्धि के बाद आयेगा। उन्होंने कहा था कि जब 2047 में भारत अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहा हो तब भारत के पास अपना श्रेष्ठतम स्वरूप हो जो अपनी ठोस बुनियाद पर निर्भर हो। तब भारत किसी भी वस्तु के लिये आयात पर निर्भर न हो अपितु विश्व अपनी जरूरत को पूरा करने के लिये भारत की ओर आशा भरी दृष्टि से देखे। अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए भारत सरकार ने न केवल नीतियां बनाने का काम आरंभ किया अपितु उनका क्रियान्वयन भी आरंभ कर दिया। जिनके परिणाम भी आने लगे हैं। इसी दृष्टि से भारत सरकार ने रेलवे, सड़क निर्माण, नागरीय विकास का आधारभूत ढांचा खड़ा करने पर अधिक ध्यान दिया है। इसके साथ ऊर्जा के क्षेत्र में सरप्लस होने के लिये अधिक से अधिक निजी निवेश पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए वित्त मंत्रालय के अंतर्गत अलग से एक नया उपविभाग बनाया गया है। जो निजी निवेश के इच्छुक सभी हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करेगा। आर्थिक और औद्योगिक आत्मनिर्भरता के लिये आवश्यक है कि आयात नियंत्रित किया जाये और निर्यात पर जोर दिया जाये। भारत सरकार इसी दिशा में काम कर रही है। सरकार ने तकनीकि क्षेत्र में अपनी तकनीक विकसित करने की योजना पर भी तेजी से कदम बढ़ाए हैं। वे सभी वे क्षेत्र हैं जिनके विकास के लिए बड़े पैमाने पर निवेश की आवश्यकता होती है। इसके लिये सरकार ने यह उपविभाग बनाया जो अमृत काल के दौरान देशी और विदेशी निवेश को आकर्षित कर रहा है। निवेशकों को असुविधा न हो और निवेश का समुचित उपयोग हो इसकी अंतिम सूची की समीक्षा एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति करेगी। भारत सरकार ने डेढ़ सौ से अधिक रेलवे स्टेशनों में आधारभूत सुधार का कार्य भी आरंभ कर दिया है। इसमें 34 रेलवे स्टेशन तो मध्यप्रदेश के हैं। इसके अतिरिक्त कोयला, इस्पात, उर्वरक और खाद्यान्न जैसे क्षेत्रों के विकास के लिए भी अतिरिक्त निवेश को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ अंतरिक्ष अनुसंधान, और आधुनिक आयुधों के स्वदेशी निर्माण पर भी जोर दिया जा रहा है। यह भारतीय विशेषज्ञों की तकनीक है कि अंतरिक्ष में उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय पद्धति अपेक्षाकृत सस्ती पड़ती है। इसलिए दुनिया के अधिकांश देश भारत की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसकी विधिवत घोषणा भले ही प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के आरंभ में की किन्तु उनकी सरकार ने इसकी तैयारी वर्ष 2014 से ही आरंभ कर दी थी। यही कारण है कि संसार के कई देशों ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र इसरो के माध्यम से अपने उपग्रहों का प्रक्षेपण किया। इसमें ब्रिटेन भी शामिल है और अब भारत का यान चन्द्र मिशन पर है।

अंतरिक्ष, औद्योगिक और तकनीकि आत्मनिर्भरता के लिये भारत ने आयात को सीमित किया और निर्यात पर जोर दिया है। पिछले पांच वर्ष में भारत में आयात होने वाली वस्तुओं में कमी आई है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण दवाइयां और रक्षा उपकरण हैं। निःसंदेह यह पूरे भारतवासियों के लिये गर्व का विषय है कि जिस भारत को अपने उपयोग के लिये कभी बंदूकें तक आयात करना पड़ती थीं, लेकिन अब भारत आधुनिक आयुध निर्माण की दिशा में भी निर्यात की स्थिति में आ गया है।

प्रधानमंत्री ने यह भी आह्वान किया है कि इसके लिये प्रत्येक नागरिक को संकल्प के साथ सक्रिय होना होगा। चूंकि किसी भी देश की प्रगति और आत्मनिर्भरता की न्यूनतम इकाई नागरिक ही होता है। यदि प्रत्येक नागरिक आत्मनिर्भर है तो सभी परिवार आत्मनिर्भर होंगे, परिवार आत्मनिर्भर हैं तो समाज आत्मनिर्भर होगा और समाज आत्मनिर्भर है तो देश आत्मनिर्भर होगा। इसलिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत युग के लिये जो पांच सूत्री संकल्प के साथ जो यात्रा आरंभ की गई है उसमें व्यक्ति की आत्मनिर्भरता पर अधिक जोर दिया गया है। अमृत युग की ओर इस यात्रा में आगामी 25 वर्ष की विकास यात्रा में हर नागरिक विशेष कर युवा वर्ग को उसकी प्रतिभा, क्षमता और कौशल के अनुरूप पर्याप्त अवसर मिलें इसके लिये रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और वृहद आर्थिक स्थिरता को मजबूत किया जाएगा।

यह यशस्वी भारत के लक्ष्य पूर्ति यात्रा का ही सुफल है कि अब भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था पर है। भारत की विकास यात्रा जिस गति से चल रही है उससे यह भी संभावना है कि आगामी तीन वर्षों में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थ शक्ति होगा। इस दिशा में भारत ने पहला कदम उठा लिया है। भारत अब अपनी मुद्रा में ही अपना विदेश व्यापार करने की दिशा में आगे बढ़ गया है। इसके लिये संयुक्त अरब अमीरात से समझौता भी हो गया। दुनिया के कई और देश हैं जिनसे डॉलर के बजाय परस्पर मुद्रा में व्यापार की चर्चा चल रही है। इन देशों में रूस और ब्रिटेन भी हैं। जिस दिन यह समझौते हो जायेंगे उस दिन भारत की डॉलर पर निर्भरता कम होगी और भारतीय अर्थ सामर्थ्य एक कदम और आगे बढ़ेगी जो अमृत युग का लक्ष्य प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होगा। पर उस लक्ष्य तक पहुंचने के लिये सरकार की नीतियों और निर्णयों के साथ समाज को भी मानसिक रूप से तैयार होना होगा। सरकार की विभिन्न सहायता योजनाएं तो समाज हित में ही हैं पर समाज को भी अपने पैरों की शक्ति से दौड़ने की सामर्थ्य अर्जित करने का संकल्प लेना होगा। विशेषकर युवा पीढ़ी को स्वरोजगार और स्वानीय उत्पाद और आवश्यकता में संतुलन बनाकर अपने भविष्य की यात्रा निर्धारित करना होगी। यदि इस दिशा में समाज का चिंतन संकल्प के साथ आगे बढ़ा तो 2047 के पूर्व ही अमृत युग का सूर्योदय हो जायेगा।

रमेश शर्मा

(लेखक : वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022

परीक्षा दिनांक 21.05.2023 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. - 6405/06/2023/अनु. - 10 **इंदौर, दिनांक : 04.08.2023**

आयोग द्वारा विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-12/2022/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 09.02.2023, (1) शुद्धि पत्र क्रमांक - 01/11-12/2022 दिनांक 09.02.2023 (ऑनलाइन आवेदन की वृद्धि की सूचना के संबंध में), (2) शुद्धि पत्र क्रमांक - 1/12/2022 दिनांक 19.06.2023 (राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण) के अंतर्गत **कुल 15** पदों हेतु राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 (राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 के साथ सम्मिलित रूप से आयोजित) दिनांक 21.05.2023 (रविवार) को दो सत्रों में प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 12:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सामान्य अभिरुचि परीक्षण अपरान्ह 02:15 से 04:15 तक प्रदेश के 52 जिला मुख्यालयों पर परीक्षा आयोजित की गई थी।

2. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की श्रेणीवार कुल संख्या निम्नानुसार थी :-

श्रेणी	कुल विज्ञापित पद
अनारक्षित (UR)	4
अनुसूचित जाति (SC)	2
अनुसूचित जनजाति (ST)	3
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	4
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	2
कुल	**15**

3. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022 के प्रकाश में विज्ञापन क्रमांक-12/2022/30.12.2022 शुद्धि पत्र क्रमांक-1/12/2022 दिनांक 19.06.2023 (राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 के अन्तर्गत विज्ञापित पदों का रिक्ति विवरण) के अनुसार आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :-

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पचानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक-दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

सामान्य प्रशासन विभाग के 'पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022' में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 हेतु मुख्य भाग 87 प्रतिशत (14 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के पदों) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) पुनरीक्षित पदों का रिक्ति विवरण प्राप्त हुआ है जिसे आयोग द्वारा शुद्धि पत्र क्रमांक-1/12/2022 दिनांक 19.06.2023 के द्वारा प्रकाशित किया गया है। तदनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद- 4 हैं जिसके मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से कुल-2 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से कुल-2 पद प्राप्त हुए हैं। राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग-अ** के लिए कुल विज्ञापित पदों के 20 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से मुख्य परीक्षा हेतु अर्ह कुल-357 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE FOREST SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2022-PART A (MAIN)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100314	32.	106919	63.	117267	94.	125575	125.	131545
2.	100576	33.	107969	64.	117417	95.	125654	126.	132257
3.	100905	34.	108177	65.	117450	96.	125818	127.	132440
4.	101395	35.	108474	66.	117483	97.	125942	128.	132535
5.	101548	36.	108595	67.	118063	98.	126810	129.	132552
6.	101792	37.	108611	68.	118085	99.	126866	130.	132660
7.	101870	38.	108713	69.	118282	100.	126888	131.	133103
8.	101893	39.	108918	70.	118806	101.	127226	132.	133550
9.	102004	40.	109274	71.	118818	102.	127493	133.	133858
10.	102033	41.	109584	72.	120349	103.	127593	134.	134136
11.	102042	42.	109684	73.	120964	104.	127717	135.	134144
12.	102775	43.	109974	74.	121061	105.	127821	136.	134879
13.	102972	44.	110597	75.	121492	106.	128020	137.	135359
14.	102991	45.	110879	76.	121596	107.	128633	138.	135797
15.	103038	46.	110901	77.	121621	108.	128639	139.	136072
16.	103287	47.	111391	78.	121670	109.	128641	140.	137064
17.	103519	48.	112013	79.	121953	110.	129124	141.	137105
18.	103761	49.	112853	80.	122371	111.	129477	142.	137507
19.	103780	50.	113620	81.	122548	112.	129519	143.	137639
20.	104012	51.	114052	82.	123232	113.	129689	144.	137825
21.	104086	52.	114088	83.	123480	114.	129795	145.	138546
22.	104802	53.	114210	84.	123624	115.	130119	146.	138768
23.	105117	54.	115275	85.	123713	116.	130156	147.	138776
24.	105335	55.	115433	86.	123826	117.	130257	148.	139063
25.	105373	56.	115623	87.	123963	118.	130458	149.	139817
26.	105858	57.	115701	88.	124098	119.	130501	150.	139886
27.	106168	58.	115784	89.	124405	120.	130567	151.	140075
28.	106511	59.	116140	90.	124460	121.	130717	152.	142163
29.	106662	60.	116703	91.	124498	122.	130748	153.	142368
30.	106774	61.	117080	92.	124726	123.	130913	154.	143441
31.	106788	62.	117127	93.	125052	124.	131296	155.	143743
156.	144180	197.	187178	238.	246109	279.	288684	320.	319042
157.	144650	198.	187726	239.	247887	280.	288710	321.	319240
158.	146440	199.	189124	240.	250247	281.	289046	322.	319863
159.	147546	200.	190334	241.	251109	282.	290551	323.	321085
160.	149196	201.	190982	242.	251473	283.	291288	324.	322678
161.	149396	202.	191325	243.	251776	284.	291450	325.	323710
162.	149511	203.	192175	244.	252504	285.	291806	326.	324286
163.	149538	204.	193399	245.	253492	286.	296239	327.	326015
164.	150969	205.	196061	246.	255450	287.	298356	328.	326316
165.	151496	206.	196654	247.	261414	288.	298990	329.	326482
166.	151573	207.	197481	248.	261661	289.	299422	330.	326876
167.	153394	208.	198087	249.	262548	290.	299818	331.	327069
168.	153529	209.	199678	250.	262638	291.	299956	332.	327141
169.	153725	210.	199959	251.	264001	292.	300395	333.	329598
170.	154034	211.	201675	252.	264606	293.	300475	334.	329853
171.	156119	212.	202237	253.	264848	294.	301110	335.	329975
172.	156408	213.	202764	254.	266054	295.	301495	336.	332120
173.	156506	214.	202999	255.	266660	296.	302248	337.	332364
174.	156507	215.	203638	256.	267028	297.	303593	338.	332385
175.	157834	216.	204090	257.	267608	298.	304117	339.	332963
176.	158352	217.	215648	258.	267845	299.	304437	340.	336004
177.	160475	218.	215923	259.	268692	300.	305327	341.	337520
178.	165663	219.	216302	260.	269051	301.	305597	342.	338366
179.	166649	220.	218346	261.	269341	302.	305930	343.	339022
180.	170681	221.	220318	262.	270049	303.	305967	344.	339934
181.	172072	222.	220450	263.	270321	304.	306421	345.	339984
182.	172637	223.	221453	264.	274977	305.	306611	346.	343258
183.	173529	224.	221944	265.	276427	306.	306901	347.	343776
184.	175193	225.	222367	266.	277674	307.	307196	348.	344264
185.	177411	226.	222846	267.	277851	308.	310181	349.	349509
186.	179162	227.	222934	268.	277884	309.	310310	350.	353831
187.	180855	228.	224294	269.	278372	310.	310867	351.	354934
188.	181109	229.	226790	270.	279125	311.	311160	352.	355342
189.	181449	230.	230776	271.	279699	312.	311570	353.	356839
190.	182058	231.	231561	272.	279904	313.	312768	354.	358135
191.	182331	232.	233531	273.	281204	314.	314869	355.	358457
192.	183008	233.	235173	274.	281839	315.	315390	356.	359503
193.	183109	234.	238181	275.	283545	316.	316861	357.	360580
194.	183621	235.	239647	276.	284306	317.	317598		
195.	185038	236.	242116	277.	285418	318.	317683		
196.	185825	237.	245072	278.	287586	319.	318308		

प्रावधिक भाग-ब के लिये विज्ञापित पदों के 20 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल - 114** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION
STATE FOREST SERVICE PRELIMINARY EXAMINATION 2022-PART B (PROVISIONAL)
ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100376	24.	130725	47.	174608	70.	226251	93.	305294
2.	100695	25.	134486	48.	178315	71.	228325	94.	307658
3.	102435	26.	135284	49.	178892	72.	239335	95.	310653
4.	103623	27.	136860	50.	181927	73.	250914	96.	310739
5.	104099	28.	137439	51.	182741	74.	257044	97.	312392
6.	106580	29.	137672	52.	183114	75.	261148	98.	320636
7.	107133	30.	137761	53.	187828	76.	261717	99.	324448
8.	108903	31.	137917	54.	188092	77.	262405	100.	326606
9.	109953	32.	138332	55.	189466	78.	262439	101.	327636
10.	111653	33.	138985	56.	189832	79.	265946	102.	329910
11.	113111	34.	139305	57.	191709	80.	269902	103.	332191
12.	113190	35.	139726	58.	193478	81.	272964	104.	332202
13.	113870	36.	144563	59.	196205	82.	273345	105.	333425
14.	114464	37.	145084	60.	197003	83.	276610	106.	339106
15.	115667	38.	146551	61.	198840	84.	279016	107.	339641
16.	116200	39.	148574	62.	200912	85.	280444	108.	342892
17.	117261	40.	152218	63.	209361	86.	284254	109.	344102
18.	117538	41.	153793	64.	214160	87.	284881	110.	344837
19.	121720	42.	155857	65.	214689	88.	289435	111.	345681
20.	121986	43.	164298	66.	219854	89.	292926	112.	349510
21.	124299	44.	168133	67.	221151	90.	297594	113.	352479
22.	126106	45.	173726	68.	224019	91.	299302	114.	361865
23.	129959	46.	173794	69.	225908	92.	301164		

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी राज्य वन सेवा परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. राज्य सेवा वन मुख्य परीक्षा-2022 की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
6. मुख्य परीक्षा हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रामाणिक मानी जाएगी।
7. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. - 5901/2019 एवं समान अन्य याचिकाओं एवं माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक - एस.एल.पी. - 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2022 की अंतिम उत्तरकुंजी अनुसार प्रथम प्रश्न पत्र के कुल 100 प्रश्नों में से कुल 02 प्रश्न विलोपित किए गए हैं एवं परीक्षा के द्वितीय प्रश्न पत्र में से कोई प्रश्न विलोपित नहीं किया गया है। प्रथम प्रश्न पत्र में से 02 प्रश्न विलोपित करने के उपरांत शेष 98 प्रश्नों के कुल - 98x2 = 196 अंक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र के 100 प्रश्नों के 100x2 = 200 अंक के कुल योग - 396 अंकों के आधार पर मेरिट गुणानुक्रम की गणना की गई है।

जी-18014/48919/2023 **उप परीक्षा नियंत्रक**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal,M.P.-462011
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 243/MTN/2023 (Flood Damage-SR)

No./12570/22/D-12/NIT-Maint./2023 Bhopal, Dated : 10.08.2023

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **Name of Work -** Special Repair of Roads/Culverts (Flood Damage)
- **SSR Applicable -** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 05.11.2019 and amendments upto issue date of NIT.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Sehore	1	4732000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website **from 10.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/111326/2023 **(TENDER)**

R-48924/2023

Centre for Agribusiness Incubation and Entrepreneurship

Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Gwalior (M.P.) – 474002

No./IPRO/DES/2023/967 Date : 07/08/2023

Employment Notice

Applications are invited to fill up the project-based position of Marketing Manager (I) and Helper (I) on contract basis. Last date of receipt of application forms is **September 08, 2023**. For other details, please visit website **www.caie.info** and **www.rvskvv.net.** For further clarification (if any) please contact the undersigned.

Dr. Y.D. Mishra, Nodal Officer
CAIE, RVSKVV, Gwalior 0751-2484000

R-48926/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 15/2023-24 (1) निर्माण कार्य स्टोर रूम एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड दरीखाना, जिला जबलपुर (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_297786) (2) निर्माण कार्य मेस भवन एस.डी.ई.आर.एफ. होमगार्ड मुख्यालय सिविल लाइन, जिला जबलपुरा (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC_297789) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 23.08.2023 तक खरीद कर सायं 6:00 बजे तक** सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/111295/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48923/2023

BARKATULLAH UNIVERSITY

Narmadapuram Road, Bhopal-462026 (M.P.)
DEPARTMENT OF BIOSCIENCE

ADVERTISEMENT FOR JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF)

Applications are invited for one post of **Junior Research Fellow (JRF)** for MPCST sponsored research project for the duration of 2 years from date of sanction of the project at stipend of Rs. 20,000/- (Twenty Thousand Only) per month. Candidates with M.Sc. in Bioscience/ Zoology/Biotechnology (minimum 55% marks) may submit their application in prescribed format which is available on university website with photocopy of supporting documents, testimonials and research publications to **Dr. R.K. Garg, Project Investigator**, MPCST Project, Department of Biosciences, Barkatullah University, Bhopal-462026 (M.P.) by post within 15 days from publication of this advertisement. For more details, please go through the website **www.bubhopal.ac.in**

M.P. Madhyam/111388/2023 **REGISTRAR**

R-48930/2023

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Deptt. Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal–462011 (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./12609/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 10.08.2023

NOTICE INVITING TENDER No. 1129 UPG-Mandi Roads, DMF, UPG & SM

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

- **Table-1 : Name of Work : UPG (Mandi Roads) (MPRRDA SSR : 05.11.2019)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Harda	1	16216000.00

- **Table-2 : Name of Work : District Mining Funds (DMF) (MPRRDA SSR : 05.11.2019)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Panna	2	279508000.00

- **Table-3 : Name of Work : UPG (MPRRDA SSR : 01.09.2017)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Narsinghpur	1	50415000.00

- **Table-4 : Name of Work : State Mandi-BW (MPRRDA SSR : 01.09.2017)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Narsinghpur	1	32463880.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **11.08.2023 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document for construction & maintenance of rural roads/Bridges Sept. 2017 on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL
M.P. Madhyam/111331/2023 **MANAGER (TENDER)**

R-48925/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office,101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road
Indore-452001 (M.P.), Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
CIN : U51102MP1977SGC001392

No. MPIDC/ROIND/TECH/23/7429 Date : 11.08.2023

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for the following work. The Tenders would be made available on the E-portal **https://www.mptenders.gov.in.**

Name of Work	Probable Amount of Contract (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form (in Rs.)	Last Date of Submission of Tender
Selection of Security Service Agency for Providing Security Services at SEZ & Other Industrial Area/establishments of MPIDC RO Indore.	805.00	805000/-	23600/-	12.09.2023
Selection of Man Power agency for Providing Technical & Planning Support Staff at MPIDC RO Indore.	40.83	40830/-	5900/-	29.08.2023

Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/111373/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48929/2023

IPS ACADEMY

Central India's Premier Institute
(Affiliated to DAVV Indore & Approved by Department of Higher Education Bhopal)

REQUIRES

Professor/Associate Professor/ Assistant Professor/Librarian
for following subjects in UG & PG Courses
(Selection Under College Code 28)

- **Language - Hindi & English**
- **Arts & Tourism -** History, Economics, Tourism
- **Science-** Biotech, Microbiology, Life Science, Physics, Chemistry, Mathematics, Computer Science, Library Science, Seed Technology, Horticulture, Botany, Statistics
- **Commerce –** All Subjects
- **Fashion Technology-** All Subjects
- **BCA -** All Subjects
- **MSW -** All Subjects

(Eligibility and Qualification as per UGC Norms)

Apply with complete CV on email at : facultyselectionipsa@ipsacademy.org

Knowledge Village, Rajendra Nagar, A.B. Road, Indore - 452012 (M.P.)
Ph No.: 0731- 4014500/501 **Registrar-IPSA**

Adcom

R-48927/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Regional Office,101, First Floor, ATULYA IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road
Indore-452007 (M.P.), Phone : (O) 2970611, 2971311, 2974363, Fax No. : 0731-2972629
E-mail : ed.roind@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
GSTN : 23AACCM6080D2ZT, CIN : U45203MP1981SGC001850

No. MPIDC/R.O./IND/2023/7265 Date : 10.08.23

NOTICE INVITING TENDER

Tender for the following work have been proceeded on the e-procurement system– **http://www.mptenders.gov.in** as mention below-

S. No.	Name of work	PAC (Rs. in Lacs)	Cost of Tender Form	EMD
1.	Upgradation & Rehabilitation of WWTP of Namkeen cluster, Indore i/c infrastructure of reuse & recycle network.	Rs. 213.45 Lacs	Rs. 17700/- (i/c GST)	Rs. 213451/-

The Detailed NIT and tender documents can be viewed and purchased after publication in newspaper within 7 working days from website – **http://www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/111359/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

R-48928/2023

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email - mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत निविदा क्रमांक 14/2023-24 अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य शासकीय कन्या शिक्षा परिसर भवन, मानपुर, जिला-उमरिया। (ऑनलाइन निविदा क्र. 2023_MPPHC _297294) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 05.09.2023 तक** खरीद कर सायं 6:00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/111274/2023 **परियोजना यंत्री**

R-48922/2023

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश शासन
सतपुड़ा भवन, भोपाल

दूरभाष क्रमांक : 0755-2551573

विज्ञप्ति प्रकाशन

विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों के दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) शोधार्थियों के विद्यार्थियों को पी.एच.डी. के लिए छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने बाबत।

उपरोक्तानुसार सत्र 2023-24 हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/एवं सभी वर्गों के दिव्यांग (दिव्यांग श्रेणी के सामान्य/पिछड़ा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) से शोध छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। जिसे संस्था/शोध केन्द्र से अग्रेषित कराकर कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा तृतीय तल सतपुड़ा भवन भोपाल भेजे जाने हेतु **अंतिम तिथि 30.09.2023** निर्धारित की जाती है।

अतः उक्त योजना हेतु पात्रता से संबंधी विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट **www.highereducation.mp.gov.in** पर नवीन निर्देश पर उपलब्ध है।

आयुक्त

जी-17870/48912/2023 **उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश शासन, कार्यालय संचालक वाष्पयंत्र
क्वा.नं. 3 एवं 4 टाइप-IV, बी-सेक्टर, पिपलानी भेल
भोपाल मध्यप्रदेश-462021

फोन : 0755-2757384, 2502528, E-mail ID : dirboiler@mp.gov.in, Website : db.mp.gov.in

विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार वर्तमान समस्त बायलर मालिकों को सूचित किया जाता है कि बॉयलर संचालनालय भोपाल से संबंधित सभी सेवाओं हेतु दिनांक 01.08.2023 से ऑनलइन आवेदन ही स्वीकार किये जावेंगे। ऑफलाइन प्राप्त आवेदनों को मान्य नहीं किया जावेगा एवं ऐसे आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी और यह माना जाएगा कि ऐसे बायलर मालिक द्वारा बिना किसी वैध प्रमाणपत्र के बायलर का संचालन किया जा रहा है।

अतः बॉयलर मालिक की यह जवाबदेही है कि तत्संबंध में बॉयलर से संबंधी सभी सेवाओं हेतु कार्यवाही विभागीय वेबसाइट **www.db.mp.gov.in/cis.mpidc.in** के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित करें।

जी-17880/48913/2023 **संचालक बॉयलर, मध्यप्रदेश भोपाल**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारपुर, जिला धार (म.प्र.)

दूरभाष : 07296-245865, ई-मेल : eephedsardha@mp.gov.in

नि.सू.क्र. 19/2023-24 **सरदारपुर, दिनांक : 07.08.2023**

निविदा सूचना प्रथम आमंत्रण

निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदाएं ई-टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत आमंत्रित किये जाने हेतु विभागीय इंटरनेट साइट पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in/**खंड कार्यालय में सेंट्रल स्टोर हेतु अकुशल मजदूर की आवश्यक कार्य हेतु निर्धारित प्रक्रिया संपादित की गई है :–

सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य का विवरण	निविदा लागत रु. लाख में	धरोहर राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	ठेकेदारों की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2023_PHED_297298_2	खंड सरदारपुर	15.07	30133/-	2000/-	म.प्र. लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन	24 माह वर्षाकाल सहित

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 23.08.2023 17.30 बजे
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : **23.08.2023 17.30 बजे**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 25.08.2023 11.00 बजे

नोट :– निविदा प्रपत्र सिर्फ उपरोक्त इंटरनेट साइट पर ऑनलाइन पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग अकाउण्ड एवं आय.जी. जेड केश कर्ड के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदायें एवं अन्य विवरण उपरोक्त लिखित पोर्टल पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

जी-18021/48920/2023 **खण्ड सरदारपुर, जिला-धार (म.प्र.)**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ

Ph. No. : (07392)244306, Email : eephedjha@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 07/प्रोक्योरमेंट सेल/23-24 **झाबुआ, दिनांक : 04.08.2023**

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकारों से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर झाबुआ जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग कार्यों हेतु निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित हैं।

ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	ठेके की अनु. लागत लाख में	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
2023_PHED_296374	हिण्डोला बावड़ी, झिरावलिया एवं सेमलपाड़ा विकासखण्ड पेटलावद	3	131.90	131900	12500	6 माह
2023_PHED_296375	कसाड़िया विकासखण्ड थान्दला	1	28.24	50000	5000	4 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 16.08.2023 17.30 बजे तक
ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि : **16.08.2023 17.30 बजे तक**
ऑनलाइन निविदा दर खोलने की तिथि : 18.08.2023 11.00 बजे तक

शर्तें :–

1. यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्तें बंधनकारक होंगी।
2. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन पर आवश्यक राशि का भुगतान इंटरनेट बैंकिंग एकाउण्ट के द्वारा क्रय किये जा सकते हैं।

सदस्य सचिव (DWSM) एवं
कार्यपालन यंत्री

जी-17985/48916/2023 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, झाबुआ**

Office of the Commissioner, Land Records
Rajaswa Bhawan, Naka Chandrawadni, Vivekanand Needam Road, Gwalior, Madhya Pradesh - 474002

Phone : 0751-2441200, E-mail : clrgwa@nic.in

Tender Notice

Commissioner of Land Records, Madhya Pradesh ("MPCLR" or "The Purchaser") invites proposal from eligible Bidders of **"Selection of Agency for DMS Solution and Digitization of Legacy Rocods"**. More details on the required Services are provided in the RFP under **Section-5 : Terms of Reference and issued Corrigendum on MP e-Tender Portal.**

#	Tender No.	Name of the Work/ Services	Tender Fees (IN INR)	Earnest Money Deposit (EMD) (In INR)	Last date & time of submission of Bid (Extended)	Opening of Technical Bid (Extended)
1.	MPCLR/ 2023/ DMS & Digitization/ 002	Selection of Agency for DMS Solution and Digitization of Lagacy Records.	INR. 5000/- + Processing Fees (non-refundable) to be paid online through MP e-Tendering portal.	INR 62,00,000/- (INR Sixty-Two Lakhs only) Bidder may submit the EMD in the form of Bank Guarantee Online on MPTender portal & upload the scanned copy of receipt on the MPTender Portal (https://www.mptenders.gov.in)	**04.09.2023** at 15.00 Hrs.	05.09.2023 at 16.00 Hrs.

G-17925/48915/2023 **Commissioner, Land Records, Madhya Pradesh**

कौशल विकास संचालनालय (म.प्र.)
(मध्यप्रदेश राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड)
(विज्ञप्ति)

क्रमांक-कौविसं/स्टेट सेल/2023/4613 **भोपाल, दिनांक : 03.08.2023**

म.प्र. की आईटीआई में प्रवेश 2023 हेतु ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड

स.क्र.	की जानी वाली कार्यवाही	तिथियां
1.	ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड - म.प्र. राज्य एवं राज्य के बाहर के आवेदकों द्वारा प्रवेश पोर्टल पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार। इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना/इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार (च्वाईस लॉक करने के पूर्व तक)।	07.08.2023 से 14.08.2023
2.	कामन रैंक आवेदकों के लॉगिन पर प्रदर्शित की जावेगी।	16.08.2023
3.	कामन रैंक में यदि प्राप्तांकों में त्रुटि हो तो सुधार हेतु आवेदकों द्वारा ईमेल mpiticounseling@gmail.com के माध्यम से सायं 05 बजे तक त्रुटि सुधार किया जा सकेगा। आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन क्रमांक एवं संबंधित अंकसूची संलग्न करना अनिवार्य होगा।	17.08.2023
4.	पंचम चयन सूची ओपन (कन्वर्जन) राउण्ड समस्त सीटों के कन्वर्जन सहित एवं राज्य के बाहर के आवेदकों को जोड़ते हुए मेरिट सूची जारी करना।	22.08.2023
5.	पंचम चयन सूची के आवेदकों का प्रवेश। सीटों के कन्वर्जन सहित।	23.08.2023 से 25.08.2023

- प्रवेश के लिए आवेदकों हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया **www.dsd.mp.gov.in** पोर्टल पर प्रारंभ है।
- पूर्व से रजिस्टर्ड आवेदक, जिन्हें कोई भी संस्था/ट्रेड में अलॉटमेंट नहीं हुआ है, उनकी पूर्व की च्वाईस फिलिंग यथावत रखी गई है तथा ऐसे आवेदक जिन्हें अलॉटमेंट हुआ परंतु उनके द्वारा प्रवेश नहीं लिया गया, ऐसे सभी आवेदकों को इस राउण्ड में नवीन च्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य होगा।
- च्वाईस फिलिंग में संशोधन/परिवर्तन हेतु पोर्टल पर रु. 50/- का भुगतान कर आवेदक च्वाईस फिलिंग में परिवर्तन कर सकेंगे।
- आवेदकों हेतु पोर्टल **www.dsd.mp.gov.in** के होम पेज पर रिक्त सीटों की जानकारी उपलब्ध करवाई गई है।
- आवेदक नवनी रजिस्ट्रेशन/रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार/च्वाईस फिलिंग/च्वाईस फिलिंग में त्रुटि सुधार, आदि के लिए नजदीकी शासकीय आईटीआई के हेल्पडेस्क पर भी संपर्क कर सकते हैं।
- विशेष आईटीआई एकलव्य एवं अंबेडकर आईटीआई में अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के आवेदकों हेतु निःशुल्क आवास, भोजन सुविधा एवं रु. 1000/- प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

प्रवेश पोर्टल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संपर्क करें।
फोन नं. : 9171257462, 9174457462, 9111749057, ईमेल : mpiticounseling@gmail.com

जी-17855/48914/2023 **संयुक्त संचालक, कौशल विकास संचालनालय, म.प्र.**

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन

दूरभाष नं. : 0734-2524462, ई-मेल : cepwdujjain@mp.nic.in

निविदा सूचना क्र. 10/सामान्य/मु.अ./2023-24/ **उज्जैन, दिनांक : 03.08.2023**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रतिशत दर के आधार पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	मंदसौर	2023_PWDRB_296521_pack1	भैसोदा मण्डी से भानपुरा व्हाया लालखेड़ी मार्ग 20.60 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युत पोल शिफ्टिंग सहित कार्य।	3820.03	16 माह वर्षाकाल सहित

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन बिड सबमिशन की **अंतिम दिनांक 18.08.2023 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य अभियंता

जी-17990/48918/2023 **लोक निर्माण विभाग, उज्जैन परिक्षेत्र उज्जैन**

मध्यप्रदेश में निरंतर बढ़ेंगी बुनियादी सुविधाएं और योजनाएं

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की एक रिपोर्ट का विमोचन करते हुये

भोपाल, मध्यप्रदेश में सामाजिक न्याय के लिए निरंतर बुनियादी नागरिक सुविधाएं बढ़ाएंगे और कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन को मजबूत बनाएंगे। गरीब कल्याण हमारा दृढ़-संकल्प है। मध्यप्रदेश निरंतर विकास कर रहा है। समग्र प्रयासों से गरीबी कम होती है। सिर्फ आय वृद्धि ही गरीबी कम होने का आधार नहीं, बल्कि अधोसंरचना की मजबूती के साथ नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने, पर्यावरण के संतुलन, वन्य-प्राणियों के संरक्षण जैसे कार्यों से सम्पूर्ण समूहिक संभव होती है। संसाधनों पर सभी नागरिकों का अधिकार है। मध्यप्रदेश यदि सजग मध्यप्रदेश के रूप में गरीबी उन्मूलन योजनाओं में अग्रणी बना है, तो इसके पीछे गत दो दशक में बिजली, पानी, सड़क, सिंचाई जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को मजबूत बनाने के निरंतर किए गए प्रयास शामिल हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में नीति आयोग के प्रतिवेदन पर प्रबुद्धजन के साथ परिचर्चा सत्र को संबोधित करते हुये कहीं।

परिचर्चा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को नीति आयोग द्वारा गरीबी पर तैयार की गई रिपोर्ट की प्रति सौंपी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि मध्यप्रदेश में एक करोड़ 36 लाख लोगों को गरीबी से मुक्त करने की यात्रा तय की गई है। मध्यप्रदेश राज्य नीति एवं योजना आयोग की ओर से प्रकाशित नीति की संक्षिप्त प्रति भी जारी की गई।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में वर्ष 2015-16 से वर्ष 2019-21 के मध्य एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। मध्यप्रदेश में गरीबी की तीव्रता जो 47.25 प्रतिशत होती थी वो घटकर 43.70 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी की तीव्रता स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन आयामों के औसत प्रतिशत को ध्यान में रखकर देखी जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक अहम प्रश्न है कि गरीबी की परिभाषा क्या है। बुनियादी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार का साधन, पढ़ाई और

- **नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच एक करोड़ 36 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले।**
- **पांच वर्ष की अवधि में गरीबों की संख्या में 15.94 प्रतिशत की गिरावट दर्ज।**

दवाई की व्यवस्था ही गरीबी से मुक्ति नहीं है। प्रत्येक मनुष्य सुखी जीवन का आकांक्षी होता है। इसके लिए शरीर, आत्मा, बुद्धि और मन का सुख आवश्यक माना जाता है। एक समय था, मध्यप्रदेश में न बिजली थी, न पर्याप्त सड़कें, न पानी की व्यवस्था। मध्यप्रदेश में लगभग दो दशक में साढ़े सात लाख हेक्टेयर सिंचाई क्षमता को बढ़ाकर 47 लाख हेक्टेयर तक लाने में सफलता मिली है। अनाज का उत्पादन बढ़ा। प्रति व्यक्ति आय जो मात्र 11 हजार थी, जो अब बढ़कर एक लाख 40 हजार रुपये हो गई है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान 3 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पूंजीगत व्यय में वृद्धि हुई है। वर्तमान वित्त वर्ष में 56 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं, जिसके मुकाबले 22 हजार करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा चुकी है। यदि बजट की बात करें तो प्रदेश में वर्ष 2003-04 में 23 हजार करोड़ रुपये का बजट होता था, जो वर्ष 2023-24 में तीन लाख 14 हजार करोड़ रुपये हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम राइज विद्यालय सर्वसुविधायुक्त हैं। प्रदेश में नये एक्सप्रेस-वे बनाये जा रहे हैं।

विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिये एक अतिरिक्त चरण की समय-सारणी जारी

भोपाल, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 25 मई 2023 से आरंभ की गई है। अब तक स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर प्रवेश के लिये एक केन्द्रीयकृत चरण तथा तीन कॉलेज लेवल काउंसलिंग के चरण पूर्ण किये गये हैं। वर्तमान में स्नातक स्तर पर 2 लाख 92 हजार और स्नातकोत्तर स्तर पर एक लाख एक हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

इस वर्ष 12वीं से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या लगभग 6 लाख है, इसमें से 50 प्रतिशत विद्यार्थियों ने महाविद्यालयों में प्रवेश ले लिया है। बारहवीं की पूरक परीक्षा से "रुक जाना नहीं" योजना के उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये 12 अगस्त 2023 से 5वां सीएलसी चरण आरंभ किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा विभाग का यह प्रयास है कि जो विद्यार्थी महाविद्यालय में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे कॉलेज लेवल काउंसलिंग के माध्यम से अपने मनपसंद महाविद्यालय में मेरिट के आधार पर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बी.एड. आदि 9 पाठ्यक्रमों के लिये भी काउंसलिंग की प्रक्रिया समानांतर रूप से संचालित की जा रही है।

महाविद्यालयों में 71 हजार सीटों के लिये काउंसलिंग की प्रक्रिया आरंभ की गई है, जिसमें से 62 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त कर लिया है। शेष 8 हजार विद्यार्थियों के लिये 8 अगस्त 2023 से तीसरा अतिरिक्त चरण आरंभ किया गया है। शेष विद्यार्थियों को रिक्त स्थानों पर प्रवेश करने के लिये चॉइस फिलिंग का अवसर 12 अगस्त तक प्राप्त होगा। विस्तृत समय-सारणी विभागीय पोर्टल पर जारी कर दी गई है।

राज्य सरकार सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भोपाल में एमओयू पर हस्ताक्षर हुये

भोपाल, राज्य सरकार सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों में जन्मजात हृदय विकार का उपचार माता-पिता सरलता से करा सकें और विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के साथ एम.ओ.यू. किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित समत्व भवन प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन और राज्य शासन की ओर से लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मध्य हुए एम.ओ.यू. के अवसर पर पर कहीं।

फाउंडेशन द्वारा बाल्यकालीन हृदय रोग से प्रभावित बच्चों का श्री सत्य साईं हार्ट अस्पताल अहमदाबाद में नि:शुल्क उपचार कराया जाएगा। इसके अंतर्गत अहमदाबाद में स्थापित चिकित्सालय में एक हजार बच्चों का इलाज पूर्णत: नि:शुल्क कराया जाएगा, आने-जाने का व्यय राज्य सरकार वहन करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वैष्णव जन को तेने कहिए-पीर पराई जाने ते' के सिद्धांत

- **राज्य सरकार ने वर्ष 2019 में प्रशांति मेडिकल सर्विस एंड रिसर्च फाउंडेशन के साथ दो वर्ष के लिए अनुबंध किया था।**
- **इस अनुबंध के तहत 117 बच्चों को नि:शुल्क उपचार प्रदान किया गया।**

पर कार्य कर रहे फाउंडेशन की इस पहल से प्रदेश के प्रभावित बच्चों को बड़ी राहत मिलेगी। एक हजार जीवित बच्चों में से लगभग 9 बच्चों में जन्मजात हृदय विकार की समस्या रहती है, जिसके उपचार पर एक लाख से पांच लाख रुपये तक का व्यय आता है। अत: गरीब और निम्न मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए यह इलाज कठिन हो जाता है। रोग की समय पर पहचान तथा सही उपचार मिलने पर बच्चे अपना सामान्य जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

परिवहन चेकपोस्ट पर वाहनों का आवागमन होगा सुगम

भोपाल, मध्यप्रदेश में संचालित परिवहन चेक पोस्ट पर वाहन संचालकों को बड़ी राहत देने, वाहनों के आवागमन को सुगम और सरल बनाने के लिए गुजरात की तर्ज पर चेक पोस्ट को बंद कर चेकिंग व्यवस्था का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इस आधुनिकीकरण से वाहन मालिकों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही वाहन चालकों को भी समय की बचत होगी। उक्त बदलाव की जानकारी देते हुए प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि गुजरात मॉडल के लागू होने तक प्रदेश में चल रहे परिवहन चेकपोस्ट पर वाहनों के आवागमन को सुगम करने के लिए 7 अस्थाई चेकपोस्ट (प्राणपुर, बिलौआ, नहर, समरसा, करहाल, रानीगंज तिगेला, राजना) एवं सभी 6 चेकिंग पाईंट बंद करने के निर्देश दिये। श्री राजपूत ने बताया कि चेकपोस्ट पर गाड़ियों की मैन्युअल चालानी कार्रवाई चरणबद्ध रूप से बंद की जायेगी। अब आधुनिक पी.ओ.एस. मशीन से चालानी कार्यवाही की जायेगी तथा चालान की राशि ऑनलाइन जमा होगी। इसके अलावा मोटर व्हीकल एक्ट के नियमानुसार एवं खाली चलने वाली गाड़ियों पर चालानी कार्रवाई नहीं होगी। चेकपोस्ट पर नियम विरुद्ध चलने वाली गाड़ियों पर ही चालानी कार्रवाई की जाएगी। परिवहन मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि चेकपोस्ट को बंद करके वाहनों की चेकिंग व्यवस्था का आधुनिकीकरण गुजरात मॉडल की तर्ज पर चरणबद्ध रूप से 14 दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि आमतौर पर परिवहन चेकपोस्ट में मोटर व्हीकल एक्ट तथा सुप्रीम कोर्ट सेफ्टी कमेटी के विभिन्न मानकों अनुसार माल एवं यात्री गाड़ियों में ओवर लोडिंग, बीमा तथा फिटनेस आदि की चेकिंग की जाती है। मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 से जीएसटी लागू कर गाड़ियों की चेकिंग एवं उन पर कार्रवाई हेतु ऑनलाइन सिस्टम द्वारा केशलेस व्यवस्था बनाकर वाहन-सारथी पोर्टल से जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अमृत भारत स्टेशन योजना

निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता और समय-सीमा में पूरे हों - राज्यपाल

भोपाल, राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास शिलान्यास के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन संत हिरदाराम नगर, भोपाल में किया गया था। स्थानीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना शिलान्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री के द्वारा आभासी माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के पुनर्विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने स्थानीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आमजन को रेलवे के कायाकल्प की छप्पर फाड़ सौगात दी है। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह पहला प्रसंग है, जिसमें 25 हजार करोड़ रुपये के 508 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्यों का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मध्यप्रदेश के 34 रेलवे स्टेशनों के शिलान्यास किये जाने के लिए मध्यप्रदेश की समस्त जनता के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानमंत्री जी का आभार ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत समस्त कार्य उच्च गुणवत्ता और निश्चित समय-सीमा में पूरे किए जायें। अमृत भारत स्टेशन योजना में चयनित स्टेशनों के भवन सुधार और सौंदर्यीकरण में स्थानीय कला तथा संस्कृति के तत्वों का समावेश किया जाना चाहिए।

श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार ने एक के बाद एक ऐतिहासिक निर्णयों से बड़े बदलाव किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकप्रिय और विश्व के अद्वितीय राजनेता के रूप में उनकी दुनिया में विशिष्ट पहचान बनी है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत G-20 की अध्यक्षता में वैश्विक चुनौतियों के समाधान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

वन विभाग के नये भवन का लोकार्पण

मध्यप्रदेश में लगातार बढ़ रहा है अति सघन वन क्षेत्र - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वन विभाग के नव निर्मित भवन का लोकार्पण करते हुये

भोपाल, मध्यप्रदेश में वन, खनिज और जल सम्पदा का अपार भंडार है। देश के 13 प्रतिशत वन मध्यप्रदेश में हैं। प्रदेश में अति-सघन वन लगातार बढ़ रहे हैं। हमारा प्रदेश टाइगर स्टेट है, इसे टाइगर स्टेट बनाए रखने के लिए वन विभाग का हृदय से अभिनन्दन करता हूं। हम लेपर्ड और घड़ियाल स्टेट भी हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 180 करोड़ रुपये से नवनिर्मित वन भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वनवासियों की अर्थव्यवस्था का आधार वन ही हैं। अब प्रदेश में 785 टाइगर हो गए हैं, जो पहले से अधिक हैं। बारहसिंघा, सफेद बाघ भी हमारे यहां हैं। प्रदेश में वानिकी के क्षेत्र में नए रिकॉर्ड स्थापित किए गए हैं। बांस कलस्टर विकसित किये जा रहे हैं। पेसा नियम लागू करने में वन विभाग का सहयोग सराहनीय है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को चप्पल, जूता, कुप्पी, साड़ी और छाता दिए जा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के लिए वनों को वरदान बनाया है। नवनिर्मित वन भवन पूर्ण हरित भवन है, जिसमें हवा, पानी और प्रकाश के संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है। यह भवन नई ऊर्जा का संचार करेगा। विभाग को कार्य करने के लिए स्थान की कोई कमी नहीं रहेगी। वनों की सुरक्षा करने वालों की जिंदगी बेहतर करने की पूरी कोशिश होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य-प्राणियों का संरक्षण बहुत पुण्य का कार्य है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश में अधिक से अधिक वन स्थापित हों जिससे प्रदेश में ऑक्सीजन का उत्सर्जन बड़े स्तर पर हो, प्रदेश दुनिया में 'ऑक्सीजन हब' बन जाए।

- **मध्यप्रदेश में वन और वन्य जीव संरक्षण के लगातार हो रहे हैं कार्य।**
- **प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या में हुआ इजाफा।**

श्री चौहान ने कहा कि वन और वनवासियों का गहरा संबंध है। वनों के माध्यम से उनकी जिंदगी में खुशहाली पैदा करने की कोशिश होगी। वनों के बिना इंसान की जिंदगी नहीं चल सकती है। यह धरती सभी जीव-जंतुओं की है। इसे बनाए रखने के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी है। मध्यप्रदेश में पर्यावरण के संरक्षण में बेहतर कार्य हुआ है।

इस अवसर पर वन मंत्री श्री शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री के सान्निध्य में वन विभाग में वनों के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य अच्छे ढंग से चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रतिदिन एक पौधा जरूर लगाते हैं, जो हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। वन विभाग सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए प्रयास कर रहा है। वन समितियों को पिकअप वाहन सौंपे गए हैं। वन्य-प्राणियों के कारण मृत्यु पर आर्थिक सहायता का प्रावधान किया गया है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री रमेश कुमार गुप्ता ने कहा कि वन विभाग की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में कमी नहीं छोड़ेंगे। प्रदेश में वनों के क्षेत्र में बेहतर काम करने की कोशिश लगातार बनी रहेगी। अपर मुख्य सचिव वन श्री जे.एन. कंसोटिया ने कहा कि विभाग वनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित है। वन भवन से सभी गतिविधियां संचालित होंगी और हम पूरे देश में अव्वल रहेंगे।

अमरकंटक में बनेगा मां नर्मदा दिव्यलोक नये अमरकंटक की होगी बसाहट

अनूपपुर, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल होने अनूपपुर आगमन से पूर्व मां नर्मदा उद्गम स्थल अमरकंटक को शक्तिधाम कॉरिडोर के रूप में विकसित करने की उठी मांग को संज्ञान में लेते हुए दौरे के दूसरे दिन अमरकंटक के मृत्युंजय आश्रम में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में अमरकंटक को शक्तिधाम कॉरिडोर बनाने की घोषणा की।

इससे पहले मुख्यमंत्री नर्मदा मन्दिर पहुंचे और वहां विधिवत पूजा अर्चना करने के बाद मृत्युंजय आश्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज जी से भेंट करने पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री ने अमरकंटक सहित मध्यप्रदेश के अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की।

स्वामी हरिहरानंद जी ने मुख्यमंत्री से नर्मदा मन्दिर अमरकंटक को शक्तिधाम के रूप में विकसित करने की मांग की। जिसे मुख्यमंत्री ने नर्मदा मैया की कृपा मानते हुए तत्काल इसकी सहमति दी और कार्यकर्ताओं के मंचीय सम्मेलन में करतल ध्वनि और नर्मदा मैया के जयकारों के बीच इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक में जगह सीमित है, आज मैं आप सबके समर्थन से यह घोषणा करता हूं एक नया शहर सैटेलाइट शहर अमरकंटक को बनाया जाएगा। यह सैटेलाइट शहर नीचे बनेगा जो अमरकंटक का दर्शन कर नीचे होटल और सभी तरह की दुकानें रहेंगी।

उल्लेखनीय है कि भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने भी अमरकंटक को शक्ति लोक कॉरिडोर बनाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। मुख्यमंत्री ने अमरकंटक कॉरिडोर के लिये 100 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की बात की। उन्होंने अमरकंटक को पवित्र बनाए रखने के लिये उद्गम मन्दिर परिसर से दूर नये अमरकंटक नगर बनाने की भी घोषणा की।

जिला स्वीप नोडल अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ

भोपाल, आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारी को लेकर जिला स्वीप नोडल अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला स्वीप नोडल अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जेंडर और ईपी रेशियो पर काम करने की आवश्यकता है। जहां पर महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत कम है, वहां पर आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता, सहायिका सहित शासकीय महिला अधिकारियों-कर्मचारियों की मदद लें। उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में हो। सभी 52 जिलों में 1950 कॉल सेंटर शुरू हो गये हैं।

विधानसभा क्षेत्रों में जहां मतदान प्रतिशत कम है, वहां अधिक से अधिक गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें। जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो, इसके लिए कैंपस एंबेसडर, जिला स्वीप आईकॉन की मदद लें। पिंक, मॉडल बूथ अधिक से अधिक बनाए जाएं। डेमोस्ट्रेशन सेंटर के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम-व्हीव्हीपीएटी से मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत कराएं। मतदान केंद्रों में बिजली, पानी, शौचालय और बैठक व्यवस्था बेहतर हो, इसके लिए मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें। जागरूकता कार्यक्रम में एनएसएस, एनसीसी, स्कॉउट गाइड की मदद लें।

दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी 52 जिलों के जिला स्वीप नोडल अधिकारी शामिल हुए। सभी ने भारत निर्वाचन आयोग से आए प्रतिनिधि मंडल के सामने स्वीप गतिविधि को लेकर अपना-अपना प्रस्तुतिकरण दिया। भारत निर्वाचन आयोग से आए प्रतिनिधिमंडल ने स्वीप गतिविधि की तैयारी को लेकर जिले की तैयारियों की समीक्षा की और स्वीप कार्ययोजना को बेहतर बनाने को लेकर विचार व्यक्त किए।

इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति

नगरीय विकास एवं आवास विभाग लेगा 250 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन

भोपाल, प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास श्री नीरज मंडलोई ने आवास विभाग द्वारा भोपाल में इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति निर्माण में सहयोगात्मक दृष्टिकोण विषय पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम है। श्री मंडलोई ने इलेक्ट्रिक वाहनों से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि इससे पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता समाप्त होगी। इस संबंध में जो नीति बनाई जा रही है, वह ऐसी होनी चाहिए कि व्यावहारिक रूप से मैदानी स्तर पर उतारी जा सके। कार्यशाला में कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेस लिमिटेड और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के मध्य एमओयू किया गया। एमओयू के तहत कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेस लिमिटेड 34 अमृत शहरों और विभाग के उपक्रमों में 250 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध करायेगा। मध्यप्रदेश में वर्तमान में लगभग 90 हजार इलेक्ट्रिक व्हीकल पंजीकृत हैं। यह भारत में पंजीकृत ई.व्ही. का 3.3 प्रतिशत है। प्रदेश में 257 सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन हैं।

कार्यशाला में उज्जैन नगरपालिक निगम के महापौर श्री मुकेश टटवाल ने कहा कि उज्जैन जैसे धार्मिक और पर्यटन महत्व के नगरों में प्राचीन मंदिरों और स्मारकों के संरक्षण के लिये इलेक्ट्रिक व्हीकल जरूरी है। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव ने कहा कि ई.व्ही. को व्यापक रूप से अपनाने में आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिये एकीकृत प्रयास की आवश्यकता है। नई ई.व्ही. नीति को इलेक्ट्रिक गतिशीलता के साथ सकारात्मक भावनात्मक संबंध बनाने पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिये। नीति निर्माण में तकनीकी अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता को शामिल करने से यह सुनिश्चित होगा कि यह नीति विकसित हो रहे ई.व्ही. परिदृश्य की वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप है।

महिला स्व-सहायता समूह निभायेंगे टोल नाके संचालन की जिम्मेदारी

अनूपपुर, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने अनूपपुर जिले के जनजातीय बाहुल्य विधानसभा पुष्पराजगढ़ के ग्राम पोड़की में खटिया चौपाल में जन संवाद किया। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों एवं लाड़ली सेना के सदस्यों से बात करते हुए कहा कि लाड़ली बहना योजना बनाने के पीछे मंशा यह थी कि महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बनें तथा वे अपनी छोटी-मोटी जरूरतों की पूर्ति कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर महिला को आजीविका स्व-सहायता समूह से जोड़ने का अभियान चला रखा है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश के ऐसे टोल नाके जिनकी वार्षिक व्ययसाय दो करोड़ रुपये है, उनके संचालन की जिम्मेदारी स्व-सहायता समूह को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना का लाभ अब 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं तथा ऐसे परिवार जिनके पास ट्रैक्टर है को भी मिल सकेगा। सभी महिलाएं सम्मान के साथ जिंदगी बितायें यही मेरा लक्ष्य है। इस अवसर पर लाड़ली बहना सेना के सदस्यों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करें। प्रत्येक माह की 10 तारीख को महिलाओं के खाते में पैसे डाले जाएंगे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करते हुये

स्व-सहायता समूह की ओर से लल्ली बाई श्याम अग्रवा ने बताया कि वह स्व-सहायता समूह से कर्ज लेकर पहले किराना की दुकान, फिर मनिहारी की दुकान, फिर मुख्यमंत्री स्व-रोजगार योजना का लाभ लेकर बुलेरो पिकअप खरीदी।

जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीण जन, लाड़ली बहनें तथा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना सेना के सदस्य, स्व-सहायता समूह की महिलायें, ग्रामीण पेशा मोबलाइजर, जन सेवा मित्रों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है मध्यप्रदेश - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। विकास पर्व के दौरान कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हो रहा है। मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि 16 जुलाई से मध्यप्रदेश में विकास पर्व चल रहा है। अब तक हमने 7 हजार 245 करोड़ की 15 सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। इसके साथ ही 36 हजार 348 करोड़ रुपये की 13 सिंचाई योजनाओं का भूमिपूजन किया गया है तथा 83 सीएम राइज स्कूलों का कार्य प्रारंभ हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नये स्वीकृत मेडिकल कॉलेजों के शिलान्यास के कार्यक्रम हो रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग और सड़क निर्माण के 21 हजार 900 करोड़ रुपये के 1207 कार्यों के भूमिपूजन भी संपन्न हो रहे हैं।

अमृत योजना के अंतर्गत शहरी पेयजल परियोजनाओं के लिए 3 हजार करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत 28 हजार 471 करोड़ रुपये की 15 हजार 450 पेयजल समूह परियोजनाओं के भूमिपूजन जैसे अनेक विकास के काम जारी हैं।

नगरीय निकायों के 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्य सरकार के पेंशनर्स को महंगाई राहत में 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के बाद नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा भी प्रदेश के नगरीय निकायों के सातवें वेतनमान अनुसार पेंशन प्राप्त कर रहे 17 हजार पेंशनर्स की महंगाई राहत में 5 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई है। इससे पेंशनर्स को हर महीने न्यूनतम 400 से 4 हजार रुपये तक का फायदा होगा।

महंगाई राहत में की गई वृद्धि का भुगतान पेंशनर्स को एक जुलाई 2023 से किया जायेगा एवं माह अगस्त में ही रक्षाबंधन के पूर्व ही पेंशनर्स को एक महीने की बढ़ी हुई महंगाई राहत राशि के एरियर्स का भुगतान भी किया जायेगा।

नगरीय निकायों के पेंशनर्स को एक अक्टूबर 2022 से 33 प्रतिशत महंगाई राहत मिल रही थी, जिसमें 5 प्रतिशत वृद्धि किये जाने के परिणामस्वरूप अब कुल महंगाई राहत 38 प्रतिशत हो गई है। इसी प्रकार नगरीय निकायों के जिन पेंशनरों को छठवें वेतनमान अनुसार पेंशन मिल रही थी, की महंगाई राहत में भी 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

छतरपुर के फर्नीचर उत्पाद को मिलेगी नई पहचान

छतरपुर, एक जिला एक उत्पाद के तहत छतरपुर जिले के प्रसिद्ध फर्नीचर उत्पाद को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध करवाने के लिए सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम विभाग और नेशनल डिजाइन संस्थान के बीच एमओयू हुआ।

एमएसएमई विभाग के सचिव-सह-आयुक्त श्री पी. नरहरि एवं एनआईडी, भोपाल के निदेशक प्रोफेसर धीरज कुमार द्वारा अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

मुख्यमंत्री से उद्योगपतियों ने की भेंट

मध्यप्रदेश में चार हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगे उद्योग समूह

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हेतिच इंडिया और पेप्सिको इंडिया उद्योग समूह के प्रतिनिधियों ने भेंट की तथा प्रदेश में बायो गैस, फर्नीचर फिटिंग्स और खाद्य प्र-संस्करण इकाइयों की स्थापना के संबंध में चर्चा की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उद्योगपतियों और निवेशकों का प्रदेश में स्वागत करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल में विभिन्न उद्योगपतियों ने मुलाकात की

रिलायंस लगाएगा कम्प्रेस्ड बायोगैस और बायोगैस सघनीकरण संयंत्र

मुख्यमंत्री को रिलायंस इंडस्ट्रीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री फरहान अंसारी तथा उपाध्यक्ष श्री विवेक तनेजा ने बताया कि उनका समूह प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर लगभग 1970 करोड़ रुपये के निवेश से 10 कम्प्रेस्ड बायोगैस और 15 बायोगैस सघनीकरण संयंत्र स्थापित कर जैव ऊर्जा क्षेत्र में प्रवेश का इच्छुक है। श्री चौहान से रिलायंस के प्रतिनिधियों ने राज्य को होने वाले दीर्घकालिक लाभ और कम्पनी की अपेक्षाओं के संबंध में चर्चा की।

हेतिच इंडिया की फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में है विशेषज्ञता

मुख्यमंत्री से फर्नीचर हार्डवेयर उत्पादों के निर्माण में विशेषज्ञता रखने वाली जर्मन कम्पनी हेतिच इंडिया के प्रबंध संचालक श्री आंद्रे अकोल्ट ने भेंट कर पीथमपुर में 700 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित हो रही कम्पनी की नई इकाई की जानकारी दी। इकाई में लगभग 500 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा। कम्पनी द्वारा पीथमपुर में वर्ष 2020 में 300 करोड़ रुपये के निवेश से एक इकाई स्थापित की जा चुकी है, जिससे लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित हुआ है। हेतिच इंडिया इस इकाई का भी 270 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विस्तार कर रही है। कब्जे (हिंज) बनाने की इस इकाई से भी लगभग 600 लोगों के लिए रोजगार सृजित होगा।

पेप्सिको उज्जैन में कार्बोनेटेड पेय इकाई स्थापित करने की इच्छुक

श्री चौहान से पेप्सिको इंडिया के प्रेसीडेंट श्री अहमद अल शेख, चीफ फाइनेंशियल ऑफीसर श्री किशोर मित्रा और चीफ कार्पोरेट अफेयर्स सुश्री गरिमा सिंह ने भेंट की। पेप्सिको विश्वव्यापी उपस्थिति रखने वाली प्रमुख खाद्य और पेय कम्पनी है। पेप्सिको इंडिया लगभग एक हजार 155 करोड़ रुपये के निवेश के साथ विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन में खाद्य प्र-संस्करण (कार्बोनेटेड पेय) इकाई स्थापित करने की इच्छुक है, जिसमें लगभग 150 लोगों के लिए रोजगार सृजित होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रत्येक किसान के खेत तक पहुंचाई जायेंगी सिंचाई सुविधायें - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान नीमच में रामपुरा-मनासा सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुये

नीमच, गांधी सागर बांध और अन्य साधनों से हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाएंगे। यहां के किसान पंजाब के किसानों को पीछे छोड़ देंगे। पूर्व सरकार ने गांधी सागर बांध से किसानों को पर्याप्त सिंचाई दिलवाने पर ध्यान नहीं दिया जबकि यह असंभव कार्य नहीं था। मेरे शब्दकोष में असंभव शब्द नहीं है। शीघ्र ही 3500 करोड़ रुपये लागत की नीमच-जावद सिंचाई योजना भी प्रारंभ की जाएगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने नीमच जिले के मनासा में विकास पर्व के कार्यक्रम में 1208 करोड़ रुपये की रामपुरा-मनासा वृहद सूक्ष्म दाबयुक्त सिंचाई परियोजना के भूमिपूजन सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नीमच-जावद सिंचाई योजना प्रारंभ की जाएगी। सभी नगर पंचायतों को 3 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। प्रथम किश्त के रूप में एक करोड़ रुपये दिए जाएंगे। रामपुरा-मनासा में महाविद्यालय भवन का निर्माण होगा। सिंचाई परियोजनाओं से छूटे हुए गांवों को जोड़ा जाएगा।

श्री चौहान ने कहा कि एक समय था जब नीमच जिले के लोगों को भोपाल तक आने-जाने में पूरा दिन लग जाता था। सड़कों का पता ही नहीं था। शहरों और गांवों में बिजली नहीं होती थी। अब सरकार ने इन सब व्यवस्थाओं के साथ ही समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य किया है। सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम जनता को परिवार के सदस्य मानकर संचालित किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों को बचाने के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना बनाई गई। प्रदेश में जन्म से लेकर बिटिया के विवाह

- **मुख्यमंत्री ने मनासा में 1245 करोड़ 12 लाख रुपये के कार्यों का किया भूमिपूजन।**
- **कार्यक्रम में 36 करोड़ 76 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया गया लोकार्पण।**

तक निरंतर राशि प्रदान की जाती है। प्रदेश में नगरपालिका और जनपद सहित संस्थाओं में बहनों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, बहनों के नाम सम्पत्ति की रजिस्ट्री पर मात्र एक प्रतिशत शुल्क के प्रावधान और मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के क्रियान्वयन से बेटियों और बहनों का सम्मान बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वयं को सवा करोड़ बहनों का भाई मानते हैं। लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह बहनों को 3 हजार रुपये दिए जाने के लक्ष्य की पूर्ति भी की जाएगी। यह योजना बहनों को सम्मान के साथ जीने का अवसर देती है। बहनों को परिवार की छोटी-मोटी जरूरतों के लिए अब विवश नहीं होना पड़ेगा।

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में लाड़ली बहना सेना की सदस्य बहनें समाज की बहनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलवाएंगी। बहनों की आय प्रतिमाह 10 हजार रुपये तक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। आज स्व-सहायता समूह की बहनें लखपति बन रही हैं।

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, कटनी, छतरपुर, पिपरिया एवं इटारसी में

एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006,
9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैंटियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अटेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

शोहिनी सिन्हा

भारतवंशी को एफबीआई में मिली बड़ी जिम्मेदारी

भारतीय-अमेरिकी शोहिनी सिन्हा को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के साल्ट लेक सिटी फील्ड कार्यालय का विशेष प्रभारी एजेंट नियुक्त किया गया है। एफबीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने शोहिनी को इस पद पर नियुक्त किया। शोहिनी एफबीआई मुख्यालय में निदेशक के कार्यकारी विशेष सहायक के रूप में तैनात थीं। 2001 में वह विशेष एजेंट के रूप में एफबीआई में शामिल हुई थीं।

समुद्रयान

महासागर मिशन भारत में जल्द होगा शुरू

भारत गहरे समुद्र में जल्द ही 'समुद्रयान' नामक महासागर मिशन शुरू करने जा रहा है। इस अभियान के तहत मानवयुक्त पनडुब्बी को गहरे समुद्र में भेजा जायेगा। 'मत्स्य 6000' नामक पनडुब्बी मिशन के लिये तैयार हो गई है। इसके पहले चरण के परीक्षण मार्च 2024 तक पूरे हो जायेंगे। 2026 तक यह तीन भारतीयों को महासागर में 6 हजार मीटर की गहराई में ले जायेगी।

वी. बैली

तमिलनाडु की महिला महावत बनीं

ऑस्कर अवॉर्ड विजेता डॉक्यूमेंट्री 'द एलीफेंट व्हिस्परर्स' से चर्चा में आयी वी. बैली तमिलनाडु की पहली महिला सहायक महावत बन गई हैं। राज्य सरकार ने उन्हें हाथियों का केयर टेकर बनाया है। बैली को देश के सबसे पुराने थेप्पाकाडु हाथी कैंप में तैनात किया जायेगा। ज्ञात रहे कि फिल्म में करुणामयी मां के रूप में बैली को हाथियों की देखभाल करते हुये दिखाया गया है।

18 व्हील इंक ने

अठारह पहिये का ई-वाहन बनाया

फिनलैंड की ऑटो कंपनी 18 व्हील इंक ने अपने नाम के अनुरूप 18 पहिये का ई-वाहन बनाया है। दावा है कि इसे ऊबड़-खाबड़, पहाड़ी और समतल सभी जगह चलाया जा सकता है। इसमें एक स्नोमोबाइल जैसी बॉडी है। यह सीढ़ीदार स्थानों पर भी आसानी से चलेगा। फिलहाल यह ई-वाहन प्रयोग के तौर पर सड़क पर चलाया जा रहा है।

अंटार्कटिका में

पिरामिड जैसा पर्वत दिखा

अंटार्कटिका की एल्सवर्थ पर्वत श्रेणी में पिरामिड के आकार की चोटी मिली है। 2016 में सैटेलाइट से इसकी तस्वीर सामने आई थी। इसका आधार 2 वर्ग किलोमीटर है। अब इसे कोई एलियन का काम बता रहा है। पर्वतीय आधार पर वैज्ञानिकों के बीच विवाद शुरू हो गया है। वास्तविकता पता करने के लिये वैज्ञानिकों के दल को तैयार किया गया है। जो अंटार्कटिका के इस पर्वतीय क्षेत्र की समूची जानकारी प्राप्त करेगा।

राजीव गौबा को

एक साल का सेवा विस्तार मिला

कैबिनेट सचिव राजीव गौबा को तीसरी बार एक और साल के लिये सेवा विस्तार मिला है। वे 30 अगस्त 2024 तक इस पद पर बने रहेंगे। राजीव इससे पहले केंद्रीय गृह सचिव के तौर पर भी काम कर चुके हैं। उन्हें 2019 में कैबिनेट सचिव के पद पर लाया गया था। ज्ञात रहे कि राजीव, झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। अगले वर्ष जब वह अपना कार्यकाल पूरा करेंगे तो देश में सबसे लंबे वक्त तक कैबिनेट सचिव बने रहने वाले अफसर का रिकॉर्ड बना लेंगे।

चीन में

दुनिया की सबसे बड़ी पवन चक्की शुरू

चीन ने दुनिया की सबसे बड़ी पवन चक्की शुरू की है। इसके पंख एक चक्कर में 10 फुटबॉल मैदान के बराबर क्षेत्रफल में घूमते हैं। इस चक्की में 3 सदस्यों वाले 36,000 घरों की बिजली की जरूरत पूरी हो सकती है। ये फुजियान प्रांत के पास अपतटीय पवन फॉर्म में है। इसकी क्षमता 16 मेगावॉट है।

हृदय का

अब तक का सबसे विस्तृत चित्र तैयार

ब्रिटेन और जर्मनी के शोधकर्ताओं ने मानव हृदय का अब तक का सबसे विस्तृत चित्र बनाया है। इसमें उस टिश्यू को भी दिखाया है, जहां से दिल की धड़कन उत्पन्न होती है। उन्होंने हृदय के 8 क्षेत्रों और 75 कोशिकाओं की रूपरेखा तैयार की है। चिकित्सा विज्ञान के विद्यार्थियों के लिये हृदय की संरचनात्मक अध्ययन प्रणाली में यह सहायक होगा।

नजला बौडेन

ट्यूनीशिया की प्रधानमंत्री बर्खास्त

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सैयद ने प्रधानमंत्री नजला बौडेन को बर्खास्त कर दिया है। उनकी जगह अहमद हशानी को दी गई है। देश में प्रदर्शनों के दौरान और संसद के भंग होने के बाद 2021 में नजला ट्यूनीशिया की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी थीं।

नासा

बना रहा परमाणु रॉकेट

नासा अंतरिक्ष में परमाणु रॉकेट प्रक्षेपण की तैयारी में जुट गया है। हाल ही में नासा के वैज्ञानिकों ने परमाणु थर्मल रॉकेट इंजन बनाने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य मंगल और इसके आगे जाने के लिये लगने वाले समय को कम करना है। नासा ने एयरोस्पेस और सैन्य रक्षा कंपनी लॉकहिड मार्टिन को परमाणु प्रमोदन प्रणाली के डिजाइन, निर्माण और परीक्षण के लिये चुना गया है। इस परमाणु कार्यक्रम को 'डीआरएसीओ' नाम दिया गया है।

राष्ट्रमंडल पुरस्कार के लिए

चार भारतीयों को चयनित किया

भारत के चार युवा जो कि 15 से 29 वर्ष के बीच हैं उन्हें राष्ट्रमंडल पुरस्कारों की अंतिम सूची में शामिल किया गया है। अक्षय मकर, सौम्या डाबरीवाल, कौशल शेट्टी, श्रुतिका सिलस्वाल को 50 लोगों की सूची में पुरस्कार के लिये चुना गया है। यह पुरस्कार राष्ट्रमंडल देशों में सामाजिक उद्यम, पर्यावरण, नवाचार तथा मानवाधिकार के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने वाले युवाओं को दिये जाते हैं।

विश्व कॉफी सम्मेलन

पहली बार भारत में होगा आयोजित

भारत में पहली बार विश्व कॉफी सम्मेलन (डब्ल्यूसीसी) आयोजित किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय कॉफी संगठन (आईओसी) के सहयोग से 25 से 28 सितंबर को इसे बेंगलुरु में आयोजित किया जायेगा। संगठन इस कार्यक्रम का आयोजन कॉफी बोर्ड ऑफ इंडिया के साथ मिलकर कर रहा है। डब्ल्यूसीसी ने इसका प्रतीक चिह्न जारी करते हुये बताया कि टेनिस खिलाड़ी राहुल बोपन्ना इसके ब्रांड एम्बेसडर होंगे।

जापान में

तूफान खानून ने रद्द करवायी उड़ानें

जापान में तूफान खानून के असर से करीब 264 उड़ानों को रद्द करना पड़ा। एनएचके ब्रॉडकास्टर के अनुसार तूफान ओकिनावा से दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में पहुंचकर तबाही मचा रहा है। जापान एयरलाइंस ने तूफान के मद्देनजर 67 उड़ानें रद्द कर दीं। जापान के अधिकारियों ने ओकिनावा और अमामी के निवासियों को चेतावनी दी है कि खानून तूफान से बाढ़ और भूस्खलन कभी भी हो सकता है इसलिये निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर चले जाना चाहिये।

रूस

भारतीयों के लिये शुरू करेगा ई-वीजा

रूस ने भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिये ई-वीजा देना शुरू किया है। यह कदम दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये उठाया गया है। लगभग 52 विभिन्न देशों के नागरिक इलेक्ट्रॉनिक वीजा का लाभ उठा सकेंगे। रूस द्वारा शुरू किया गया ई-वीजा बिजनेस ट्रिप्स, अतिथि यात्राओं, टूरिज्म और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिये रूसी संघ में प्रवेश के लिये सुविधा प्रदान करेगा।

सऊदी अरब और कुवैत में

हार्ट इमोजी भेजने पर हो सकती है दो साल की सजा

सऊदी अरब और कुवैत में किसी भी महिला को चैट पर हार्ट इमोजी भेजने पर दो साल तक की जेल की सजा का प्रावधान रखा गया है। इसे अपराध के तौर पर माना गया है। यदि कोई महिला केस करती है तो इस मामले में दो साल कारावास बतौर जुर्माना दो हजार कुवैती दीनार (5.38 लाख भारतीय रुपये) की सजा रखी गयी है। यही अपराध बार-बार करने पर अपराधी को 66 लाख रुपये तक जुर्माना किया जा सकता है।

म्यांमार में

चौथी बार बढ़ाया गया आपातकाल

म्यांमार के सैन्य शासन ने देश में लागू आपातकाल की सीमा को और छह महीने बढ़ाने का फैसला किया है। म्यांमार सैन्य शासन के इस फैसले पर अमेरिका ने नाराजगी जतायी है। म्यांमार की सेना ने साल 2021 में चुनी हुई सरकार को गिराकर देश में सैन्य शासन लागू कर दिया था। साथ ही देश में आपातकाल लागू कर दिया था। जिसकी मियाद चौथी बार बढ़ायी गयी है।

फ्रांस ने

मस्क पर किया कॉपीराइट का मुकदमा

दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क पर फ्रांस ने ट्विटर का नाम बदलकर 'एक्स' कर देने पर कॉपीराइट का मुकदमा दायर कर दिया है। दरअसल फ्रांस की अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी 'एएफपी' ने अपनी समाचार सामग्री के लिये संभावित भुगतान को सुरक्षित करने के प्रयास में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के खिलाफ मुकदमा किया है।

एमआरआई स्कैनर

पहला स्वदेशी स्कैनर हुआ लॉन्च

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने देश का पहला स्वदेशी रूप से विकसित किफायती, हल्का, अल्ट्राफॉस्ट, हाईफील्ड (1.5 टेस्ला), नेक्स्ट जनरेशन मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) स्कैनर लॉन्च किया। इसे वॉक्सेलग्रिड्स इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड ने जैव प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के तहत विकसित किया है।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय

गिरमिटिया मजदूरी के अध्ययन के लिये फेलोशिप

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने गिरमिटिया मजदूरी के अध्ययन के लिये पहली फेलोशिप शुरू कर दी है। जिसके बारे में माना जाता है कि यह अपनी तरह की पहली फेलोशिप है। ब्रिटिश उपनिवेशवाद के दौरान गिरमिटिया मजदूरी लाखों भारतीयों से जुड़ी गुलामी की प्रथा थी थी। विश्वविद्यालय के सेल्विन कॉलेज में कुछ दिनों पहले गुयाना-अमेरिकी प्रोफेसर गौत्र बहादुर को बाय-फेलो नियुक्त किया।

स्मृति शेष

विश्व के उम्रदराज शख्स जोस पॉलिनो का निधन

ब्राजील के जोस पॉलिनो का 127 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे दुनिया के सबसे उम्रदराज व्यक्ति के तौर पर गिनीज बुक में दर्ज थे। उनके 7 बच्चे, 25 पोता-पोती, नाती-नातिन और 42 परपोते-परपोती हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक
महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग

मकान नं. 46 शरद पुंज, गोरखपुर थाने के सामने, नर्मदा रोड गोरखपुर, जबलपुर-482003 मध्यप्रदेश

आवेदन आमंत्रण की सूचना

जबलपुर संभाग के जिलों में 75 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, 192 आंगनवाड़ी सहायिकाओं तथा 05 मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के पूर्णतः अस्थाई एवं मानदेय आधारित पदों के लिए पात्र महिला अभ्यार्थियों से निम्नानुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र.	जिले का नाम	परियोजना का नाम	आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	आंगनवाड़ी सहायिका पद संख्या	मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद संख्या	जिला कार्यालय का दूरभाष क्रमांक
1.	डिंडोरी	डिंडोरी	2	3	0	7644-234965
2.		अमरपुर	2	3	1	
3.		समनापुर	1	0	0	
4.		बजाग	1	2	0	
5.		करंजिया	0	4	1	
6.		मेहंदवानी	0	3	0	
7.		शहपुरा	0	2	0	
8.	नरसिंहपुर	नरसिंहपुर	0	1	0	7792230512
9.		गोटेगांव	0	1	0	
10.		करेली	0	2	0	
11.		चांवरपाठा	0	6	0	
12.		चीचली	1	1	0	
13.		सांईखेड़ा	2	4	0	
14.	मंडला	बिछिया	2	0	0	7642252373
15.		बीजाडांडी	2	3	0	
16.		घुघरी	5	2	1	
17.		मंडला	1	0	0	
18.		मवई	2	2	1	
19.		मोहगांव	0	1	1	
20.		नैनपुर	1	0	0	
21.		निवास	2	0	0	
22.	कटनी	बड़वारा	0	1	0	7922221232
23.		बहोरीबंद	1	2	0	
24.		ढीमरखेड़ा	0	6	0	
25.		कटनी शहरी	1	3	0	
26.		मुड़वारा	0	3	0	
27.		विजयराघवगढ़	0	4	0	
28.	बालाघाट	बैहर	1	7	0	07632241637
29.		बिरसा	1	11	0	
30.		परसवाड़ा	4	4	0	
31.		बालाघाट ग्रामीण	2	9	0	
32.		किरनापुर	2	2	0	
33.		लांजी	1	5	0	
34.		वारासिवनी	0	5	0	
35.		लालबर्रा	2	6	0	
36.		कटंगी	0	3	0	
37.		खैरलांजी	0	1	0	
38.	सिवनी	बरपाट	1	2	0	77692228191
39.		छपारा	3	2	0	
40.		धूमा	1	3	0	
41.		घंसौर	6	4	0	
42.		केवलारी	1	3	0	
43.		लखनादौन	0	1	0	
44.		सिवनी नवीन	1	1	0	
45.		सिवनी-02	1	2	0	
46.	छिंदवाड़ा	अमरवाड़ा	0	7	0	7162243421
47.		बिछुआ	3	0	0	
48.		चौरई	1	3	0	
49.		छिंदवाड़ा ग्रा.	0	11	0	
50.		छिंदवाड़ा श.	0	5	0	
51.		परासिया-1	0	4	0	
52.		परासिया-2	0	1	0	
53.		पांढुर्णा	1	1	0	
54.		जुन्नारदेव-1	0	2	0	
55.		जामई-2	3	0	0	
56.		तामिया	0	4	0	
57.		सौंसर	0	5	0	
58.		हर्रई	5	3	0	
59.	जबलपुर	जबलपुर शहरी-02	1	2	0	7612623810
60.		जबलपुर शहरी-03	2	1	0	
61.		जबलपुर शहरी-04	0	2	0	
62.		जबलपुर शहरी-06	1	1	0	
63.		कुण्डम	1	3	0	
64.		शहपुरा	1	2	0	
65.		बरगी	0	1	0	
66.		मझौली	1	2	0	
67.		पनागर	2	0	0	
68.		सिहोर	0	2	0	
योग -			75	192	05	

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश सबसे आगे

भोपाल, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है। योजना में ऐसे 1074 गांवों को शामिल किया गया है जिनमें अनुसूचित जाति की जनसंख्या 50 प्रतिशत या उससे ज्यादा है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने हर गांव के लिए 20 लाख रुपये का आवंटन उपलब्ध कराया है। इन 1074 ग्रामों में विकास के लिए रुपये 210 करोड़ 90 लाख केंद्र सरकार से मिले हैं। इस राशि के साथ कन्वर्जेन्स कर 4500 विकास कार्य पूरे कर लिए गये हैं तथा तीन हजार कार्य चल रहे हैं। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति बहुल गांवों में समग्र रूप से विकास सुनिश्चित करना है। इन गांवों के लिए सामाजिक सुरक्षा, पोषण, सड़कें, आवास, विद्युत प्रदाय, स्वच्छता, ईंधन की उपलब्धता, कृषि, वित्तीय समावेश, डिजिटल सुविधा, जीवन-यापन और कौशल विकास से संबंधित करीब 50 ऐसे निगरानी योग्य संकेतक तैयार किए गए हैं जिनके आधार पर गांव के विकास की समीक्षा की जा रही है।

केंद्र सरकार की सभी संबंधित योजनाओं और राज्य सरकार की योजनाओं को मिलाकर गांव विकास रोडमैप तैयार किया गया है। यह योजना वर्ष 2014-15 से प्रारंभ की गई है। शुरुआत में इसमें प्रदेश के 327 गांवों को शामिल किया गया था। वर्ष 2022 से योजना मापदण्ड में बदलाव कर न्यूनतम 500 जनसंख्या वाले गांवों में अनुसूचित जाति समुदाय की कम से कम 40 प्रतिशत संख्या का मापदण्ड रखा गया है। इस आधार पर प्रदेश के 619 गांवों को शामिल करने की कार्रवाई चल रही है। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना कन्वर्जेन्स समिति और गांवों में सरपंच की अध्यक्षता में कन्वर्जेन्स समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों द्वारा सभी संबंधितों से योजना, उसके उद्देश्य, क्रियान्वयन, फंड की व्यवस्था विभिन्न विभागों को उनकी नियमित योजना और प्राप्त होने वाले बजट के कन्वर्जेन्स आदि विषयों पर चर्चा कर गांव विकास योजना तैयार कर विकास की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिला स्तर पर जिला कलेक्टर योजना के प्रभारी एवं ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सभा को योजना को जिम्मेदारी दी गई है। इस योजना में मुख्य रूप से दो प्रकार के कार्य किये जाते हैं। पहला ग्राम की विकास योजना तैयार कर ग्राम के समुचित अधोसंरचनात्मक विकास के लिए विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का कियान्वयन कराना। ऐसे कार्यों के लिए जिनमें विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध होने में दिक्कत हो, वहां गैप-फिलिंग निधि से कार्य कराना। इस योजना में गाँवों के लोगों को विभिन्न विकास विभागों की योजनाओं का लाभ दिलाना। जैसे स्कूल जाने योग्य बच्चों का प्रवेश शालाओं में कराना। सभी बच्चों का टीकाकरण कराना। वृद्धावस्था एवं दिव्यांग जन पेंशन के लिए सभी पात्रों के बैंक खाते खुलवाना, आधार कार्ड बनवाना आदि। इसके अलावा पेयजल एवं सफाई व्यवस्था, ठोस एवं तरल कचरे के निराकरण, आंगनवाड़ियों में शौचालयों का निर्माण, आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण और बारहमासी सड़कों का निर्माण जैसे कार्य किये जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, मदभदा रोड, भोपाल

क्र./754, 775/तशा/प.यं./2023 दिनांक : 10.08.2023

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में भवन निर्माण/फायर हायड्रेन्ट इत्यादि कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_297758_1, 2023_MPPHC_297759_1 एवं 2023_MPPHC_297763_1 दिनांक 21.08.2023 को एवं निविदा क्रमांक 2023_MPPHC_298769_1 दिनांक 28.08.2023 को समय अपरान्ह 17.00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/111395/2023 **परियोजना यंत्री** R-48931/2023

कार्यालय अधिष्ठाता बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर
शिवाजी वार्ड, तिली रोड, सागर (म.प्र.) - 470001

Website : bmcsagar.edu.in, E-mail : deansmc08@yahoo.co.in

फोन नं. : 07582-236270, फैक्स नं. : 07582-236457

क्रमांक 4415/क्रय/23 **सागर, दिनांक : 07.08.2023**

बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार हेतु कन्सल्टेंट एजेन्सी नियुक्त करने हेतु खुली निविदा आमंत्रण-सूचना

निविदा का नाम	प्री-बिड बैठक दिनांक	निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	निविदा खोलने की तिथि एवं समय
बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार हेतु कन्सल्टेंट एजेन्सी नियुक्ति करने हेतु खुली निविदा	16.08.2023 दोपहर 12 बजे	26.08.2023 शाम 6.00 तक	26.08.2023 शाम 6.00 तक	28.08.2023 दोपहर 12 बजे

इच्छुक फर्म/संस्था/व्यक्ति ऑनलाइन वेबसाइट **http://mptender.gov.in** से एवं हमारी वेबसाइट **www.bmcsagar.edu.in** से भी निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। निविदा में किये गये कोई भी संशोधन की जानकारी केवल महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जावेगी।

अधिष्ठाता

जी-18053/48921/2023 **बुन्देलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)**

उपरोक्त चार्ट अनुसार आंगनवाड़ी केन्द्रों की नामवार सूची एवं नियम निर्देश/शर्तें आवेदन का प्रारूप एवं अन्य अर्हताएं संबंधित जिला कार्यालय एवं संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। जिस ग्राम वार्ड में रिक्त पद की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदिका ग्रामीण क्षेत्र में उसी राजस्व ग्राम/शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होना चाहिये। संबंधित महिला आवेदक अपने पूर्णतः भरे आवेदन पत्र मय आवश्यक सहपत्रों सहित संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक में **विज्ञापन प्रकाशन होने की तिथि से 15 दिवस तक** जमा कराकर निर्धारित प्रारूप में प्राप्ति अभिस्वीकृति प्राप्त कर सकते हैं। संभागीय कार्यालय, महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग में आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

संभागीय संयुक्त संचालक

जी-17989/48917/2023 **महिला एवं बाल विकास, जबलपुर संभाग**

तमिलनाडु यूनिफॉर्म्ड स्टाफ रिक्रूटमेंट बोर्ड, चेन्नई

पद का नाम - पुलिस कॉन्स्टेबल, जेल वार्डर्स, फायरमैन
पदों की संख्या - कुल 3359 पद
योग्यता - 10वीं पास होना चाहिए, 10वीं में तमिल भाषा की पढ़ाई जरूरी है।
अंतिम तिथि - 17 सितंबर 2023
https://www.tnusrb.tn.gov.in/

नैनीताल बैंक लिमिटेड

पद का नाम - मैनेजमेंट ट्रेनी, क्लर्क
पदों की संख्या - मैनेजमेंट ट्रेनी 60, क्लर्क 50
योग्यता - मैनेजमेंट ट्रेनी और क्लर्क दोनों पदों के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ ग्रेजुएशन/पीजी। कम्प्यूटर नॉलेज जरूरी है।
अंतिम तिथि - 27 अगस्त, 2023
https://ibpsonline.ibps.in/nblmtjul23/ और **https://www.nainitalbank.co.in/english/home.aspx**

इंडिया पोस्ट ऑफिस

पद का नाम - ग्रामीण डाक सेवक
पदों की संख्या - 30041
योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना जरूरी है। साथ ही अपने सर्किल से सम्बन्धित ऑफिशियल भाषा एक विषय के रुप में पढ़ें होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 23 अगस्त, 2023
https://indiapostgdsonline.gov.in/

इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन

पद का नाम - कृषि क्षेत्र अधिकारी (स्केल-I), मानव संसाधन/कार्मिक अधिकारी (स्केल-I), आईटी अधिकारी (स्केल-I), लॉ ऑफिसर (स्केल-I), मार्केटिंग ऑफिसर (स्केल-I), राजभाषा अधिकारी (स्केल-I)
पदों की संख्या - 500, 31, 120, 10, 700, 41
योग्यता - अलग-अलग पदों के लिए योग्यताएं अलग-अलग हैं, विस्तृत जानकारी के लिए नोटिफिकेशन को देखा जा सकता है।
अंतिम तिथि - 21 अगस्त, 2023
https://www.ibps.in/

एडमिशन अलर्ट

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बीएचयू, डीयू, जेएनयू और बीबीएयू की प्रवेश परीक्षा

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 08 सितंबर, 2023
https://phd-entrance.samarth.ac.in/ और http://www.nta.ac.in/

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी.
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 29 अगस्त, 2023
https://www.cuh.ac.in/

कॉमन एडमिशन टेस्ट

पाठ्यक्रम का नाम - देश के टॉप मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट IIM में दाखिले के लिए होने वाला कॉमन एडमिशन टेस्ट (CAT)
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 13 सितंबर, 2023 इस साल परीक्षा भारतीय प्रबंधन संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित की जाएगी।
https://iimcat.ac.in/per/g01/pub/756/ASM/WebPortal/1/index.html?756@@1@@1

स्कॉलरशिप/इंटर्नशिप/पुरस्कार अलर्ट

इंस्पायर अवॉर्ड 'मानक'

संस्था का नाम - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
किसके लिए - सरकारी या प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा छठवीं से दसवीं के विद्यार्थी।
योग्यता - इंस्पायर अवॉर्ड के लिए आइडिया बच्चों को अपने स्कूलों में शेयर करना होगा। आइडिया ऐसा होना चाहिए जो बिल्कुल अलग और अनूठा हो, जिस पर कोई आविष्कार भी हो सके। इंस्पायर अवॉर्ड के तहत जिला स्तर पर प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। राज्य स्तर पर इनोवेटिव आइडिया अलग से शेयर होंगे। विद्यार्थी 100 से 200 शब्दों में अपना आइडिया लिखकर या वीडियो बनाकर इंस्पायर अवॉर्ड मानक पोर्टल पर शेयर कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 31 अगस्त 2023
https://www.inspireawards-dst.gov.in/

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024

संस्था का नाम - महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार
किसके लिए - यह पुरस्कार बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए दिए जाते हैं।
योग्यता - कोई भी बच्चा, जो भारतीय नागरिक है, और भारत में रहता है, और 18 वर्ष से अधिक आयु का नहीं है (आवेदन/नामांकन की अंतिम तिथि तक) पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकता है। कोई अन्य व्यक्ति भी योग्य बच्चे को पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकता है।
अंतिम तिथि - 31 अगस्त 2023
https://awards.gov.in

पद्म पुरस्कार-2024

संस्था का नाम - महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार
किसके लिए - इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है तथा ये कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।
योग्यता - सभी व्यक्ति जाति, व्यवसाय, स्थिति या लिंग के भेदभाव के बिना इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को छोड़कर सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले कर्मचारियों सहित सरकारी कर्मचारी पद्म पुरस्कारों के लिए पात्र नहीं हैं।
अंतिम तिथि - 15 सितंबर 2023
https://awards.gov.in

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

भारत छोड़ो आंदोलन

भारत की आज़ादी के लिये एक निर्णायक आंदोलन

भारत की आज़ादी के लिये वर्ष 1857 के 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' से वर्ष 1942 के 'भारत छोड़ो आंदोलन' तक देश की जनता और औपनिवेशिक ब्रिटिश राज के बीच जो संघर्ष हुआ था, उसका लम्बा इतिहास है और इस संघर्ष गाथा में कई मुकाम ऐसे आये जब लगा कि बस अब देश ब्रिटिश सरकार के औपनिवेशिक साम्राज्य से आज़ाद होने को ही है। इस लम्बे और शहादत की गौरव गाथाओं से भरे स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़ा गया 'भारत छोड़ो आंदोलन' आज़ादी के लिये सबसे निर्णायक और अंतिम (अल्टीमेट) लड़ाई थी। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय 08-09 अगस्त, 1942 को आरम्भ किया गया था- 'भारत छोड़ो आंदोलन' इस आंदोलन का लक्ष्य था भारत से ब्रिटिश साम्राज्य को समाप्त करना। यह आंदोलन महात्मा गांधी द्वारा मुम्बई अधिवेशन में शुरू किया गया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान विश्वविख्यात काकोरी काण्ड के ठीक सवह साल बाद अगस्त, 1942 को गांधी जी के आह्वान पर समूचे देश में एक साथ यह भारत छोड़ो आंदोलन आरम्भ हुआ था। भारत को तुरन्त आज़ाद करने के लिये अंग्रेजी शासन के विरुद्ध यह एक बड़ा सविनय अवज्ञा आंदोलन था।

क्रिप्स मिशन की असफलता से हुआ था यह आंदोलन

क्रिप्स प्रस्तावों को भारतीयों द्वारा नकारे जाने और क्रिप्स मिशन के वापस लौटने के बाद अंग्रेजों को भारत छोड़ने के लिये कह दिया था। द्वितीय विश्वयुद्ध की आड़ लेकर सरकार ने अपने आपको सख्त-से-सख्त कानूनों से सुरक्षित कर लिया था और शांतिपूर्ण गतिविधियों को भी प्रतिबंधित कर दिया था। स्थितियां अत्यंत विकट हो चुकी थीं और भारत के राष्ट्रीय नेतृत्व को भी यह पता था कि उस समय विद्रोह का नतीजा जनता के कठोर दमन के रूप में सामने आएगा, परंतु फिर भी यह संघर्ष छेड़ा गया। इस संघर्ष के अपरिहार्य हो जाने का मुख्य कारण था - 'संवैधानिक गतिरोधों को हल करने में क्रिप्स मिशन का असफल होना' जिससे यह स्पष्ट हो गया था कि ब्रिटिश सरकार भारतीयों के साथ किसी सम्मानजनक समझौते के लिये तैयार नहीं है। युद्ध के कारण रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के अभाव के चलते मूल्यों में बेतहाशा वृद्धि के कारण सरकार के प्रति जनता में तीव्र आक्रोश था। जापानी आक्रमण के भय से ब्रिटिश सरकार ने ओडिशा, बंगाल और असम में दमनकारी भू-नीति का इस्तेमाल किया। इधर दक्षिण-पूर्वी एशिया में ब्रिटेन की हार के कारण असंतोष व्यक्त करने की भारतीयों की इच्छाशक्ति जागृत हो चुकी थी। ब्रिटिश सत्ता में उनकी आस्था समाप्त हो गई और सत्ता के स्थापित्व के प्रति उनके मन में संदेह पैदा हो गया फलस्वरूप जनता डाकघरों और बैंकों से अपने रुपये निकालने लगी। बर्मा और मलाया को खाली करवाने के तरीकों से भी जनता में काफी क्षोभ व्याप्त था। भारतीयों को लगने लगा था कि अगर जापान ने आक्रमण किया तो अंग्रेज यहां भी इसी प्रकार विश्वासघात करेंगे। लोगों में निराशा फैल रही थी और यह आशंका पैदा हो गई थी कि यदि जापानी आक्रमण हुआ तो जनता हताशा के चलते प्रतिरोध ही न करे, अतः यह समय राष्ट्रीय नेताओं को एक बड़ा संघर्ष शुरू करने के लिये उचित लगा। भारत छोड़ो आंदोलन भारत के लिये एक युगान्तरकारी



आंदोलन था, क्योंकि इसने भारत की भावी राजनीति की आधारशिला रखी। 'करो या मरो' के नारे के साथ बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान से गांधी जी ने अपने ऐतिहासिक भाषण में कहा कि- 'जब भी सत्ता मिलेगी, भारत के लोगों को मिलेगी और तब जनता ही तय करेगी कि इसे किसके हाथों में सौंपा जाना है।' सही मायनों में भारत छोड़ो आंदोलन में ही आज़ादी की लड़ाई का नेतृत्व 'हम भारत के लोगों' को प्राप्त हुआ। 'भारत छोड़ो' का नारा यूसुफ मेहर अली ने दिया था। यूसुफ मेहर अली भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष के अग्रणी नेताओं में से एक थे।

अंग्रेजों के खिलाफ गांधीजी का यह बड़ा आंदोलन था

क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ यह अपना बड़ा और व्यापक आंदोलन छेड़ा था। बम्बई अधिवेशन में 8 अगस्त, 1942 की शाम को इसे - 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नाम दिया गया था। इस आंदोलन की घोषणा के बाद ही गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन देशभर के युवा कार्यकर्ता हड़तालों और तोड़-फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। पश्चिम में सतारा और पूर्व में मेदिनीपुर जैसे कई जिलों में स्वतंत्र सरकार की स्थापना भी कर दी गई थी। अंग्रेजों ने आंदोलन के प्रति काफी सख्त रवैया अपनाया फिर भी इस विद्रोह को दबाने में सरकार को साल भर से ज्यादा समय लगा। इसमें सभी भारतवासियों ने एक साथ बड़े स्तर पर भाग लिया था। कई जगह समानान्तर सरकारें भी बनाई गईं स्वतंत्रता सेनानी भूमिगत होकर भी लड़े। यह आंदोलन ऐसे समय में प्रारम्भ किया गया, जब द्वितीय विश्वयुद्ध जारी था और औपनिवेशिक देशों के नागरिक स्वतंत्रता के प्रति जागरूक हो रहे थे और कई देशों में साम्राज्यवाद एवं उपनिवेशवाद के खिलाफ आंदोलन तेज होते जा रहे थे। ऐसे समय में भारत के इस एक आंदोलन ने देश की आज़ादी का वांछित मार्ग प्रशस्त किया।

'करेंगे और करके रहेंगे' के नारे से इस आंदोलन को बल मिला

इस वर्ष भारत छोड़ो आंदोलन को इक्यासी साल पूरे हो जायेंगे। तीन वर्ष पूर्व भारत छोड़ो आंदोलन से प्रेरणा लेते हुए तथा भारत छोड़ो आंदोलन की भावना को पुनर्जीवित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महात्मा गांधी के - 'करो या मरो' के नारे के स्थान पर एक नया नारा दिया कि 'करेंगे और करके रहेंगे', जिसका उद्देश्य भारत को वर्ष 'न्यू इंडिया' बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करना था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत तो वर्ष 1857 में ही हो चुकी थी, लेकिन गांधी जी के आने के बाद यह स्वतंत्रता संग्राम बेहद शांतिपूर्ण और अहिंसक बनकर आगे चला। गांधी जी ने कई मोर्चों पर देश को स्वाधीनता के लिए एक करने की कोशिश की और अंत में उन्होंने अगस्त, 1942 को 'भारत छोड़ो आंदोलन' शुरू किया, जो भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक मील का पत्थर साबित हुआ। वर्ष 1942 के आंदोलन की व्यापकता को देखते हुए अंग्रेजों को विश्वास हो गया था कि उन्होंने अब भारत पर शासन का वैध अधिकार खो दिया है। प्रधानमंत्री ने आज़ादी के उस जज्बे की सराहना करते हुए भारत की आज़ादी के लिए ऐसे आंदोलन की सराहना की और ऐसे आंदोलन को स्वातंत्र्य का आरम्भ कहा।

इस आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है

भारत छोड़ो आंदोलन को 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है। विश्वयुद्ध में इंग्लैण्ड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सुभाषचन्द्र बोस ने आज़ाद हिन्द फौज को 'दिल्ली चलो' का नारा दिया, गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांपते हुए 8 अगस्त, 1942 की रात में ही बम्बई से अंग्रेजों को 'भारत छोड़ो' व भारतीयों को 'करो या मरो' का आदेश जारी किया और सरकारी सुरक्षा में यरवदा पुणे स्थित आगा खाँ पैलेस में चले गये। 19 अगस्त, 1942 को शाम्भी जी गिरफ्तार हो गये।

आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्राणोत्सर्ग किया था

भारत छोड़ो आंदोलन, विश्व इतिहास में सबसे सशक्त जन आंदोलन के रूप में जाना जाता है, जिसमें लाखों आम हिंदुस्तानी शामिल थे। इस आंदोलन ने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया। युवा अपना कॉलेज छोड़कर जेल का रास्ता अपनाने लगे। इस आंदोलन से तत्कालीन ब्रिटिश सरकार घबरा गई। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में नौ सौ चालीस लोग मारे गये थे, एक हजार छः सौ तीस घायल हुए थे और अट्ठारह हजार नजरबन्द हुए तथा साठ हजार से अधिक लोग गिरफ्तार हुए थे।

आंदोलन के लिये दिया था गांधीजी ने एक मंत्र

भारत छोड़ो आंदोलन का प्रस्ताव पारित होने के बाद बम्बई के ग्वालिया टैंक मैदान में गांधीजी जी ने कहा कि - 'एक छोटा सा मंत्र है जो मैं आपको देता हूं। इसे आप अपने हृदय में अंकित कर लें और अपनी हर सांस में उसे अभिव्यक्त करें। वह मंत्र है- 'करो या मरो'। अपने इस प्रयास में हम या तो स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे या फिर जान दे देंगे। इस तरह भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 'भारत छोड़ो' एवं 'करो या मरो' भारतीयों का नारा बन गया। यह आंदोलन स्वतंत्रता प्राप्ति के लिये किये गये प्रयासों के अंतिम चरण को इंगित करता है। इसने गांव से लेकर शहर तक ब्रिटिश सरकार को चुनौती दी। इससे भारतीय जनता के अंदर आत्मविश्वास बढ़ा और समानान्तर सरकारों के गठन से जनता काफी उत्साहित हुई। इसमें महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और जनता ने नेतृत्व अपने हाथ में लिया जो राष्ट्रीय आंदोलन के परिपक्व चरण को सूचित करता है। इस आंदोलन के दौरान पहली बार राजाओं को जनता की संप्रभुता स्वीकार करने को कहा गया।

जब आज़ाद हुए पिचहत्तर साल हुए तो इस अवसर पर देश भर में आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। देश में इस महापर्व और उससे जुड़े सभी पर्वों को विशेष रूप से मनाया गया।

- राजा दुबे
(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

मध्यप्रदेश फिर बना टाइगर स्टेट

विश्व बाघ दिवस यानी वर्ल्ड टाइगर डे (29 जुलाई) के मौके पर केंद्र सरकार की ओर से बाघों की गणना के नए राष्ट्रीय आंकड़े जारी किए गए हैं, जिसके अनुसार मध्यप्रदेश 785 बाघों के साथ पहले नंबर पर रहा और एक बार फिर से 'टाइगर स्टेट' बना है। बाघ गणना 2022 के राज्यवार आंकड़ों की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश के बाद दूसरे स्थान पर कर्नाटक है, जहां 563 बाघ हैं, जबकि उत्तराखंड में 560 और महाराष्ट्र में 444 बाघ मिले हैं। बता दें कि चार साल पहले जो गणना हुई थी, उसके अनुसार प्रदेश में 526 टाइगर थे, जो बढ़कर 785 हो गये हैं। यह मध्यप्रदेश की बाघों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि स्थानीय समुदाय की भागीदारी के साथ-साथ गहन संरक्षण और निगरानी से ही संभव हो सकी है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि प्रदेश में इंसान की जिंदगी बेहतर बनाने के साथ-साथ वन्य-प्राणियों का अस्तित्व बनाये रखने का अभियान लगातार जारी रहेगा। वन्य-प्राणियों की सुरक्षा का कार्य अत्यंत मेहनत और परिश्रम का है। समुदाय के सहयोग के बिना वन्य-प्राणियों की सुरक्षा संभव नहीं है।

मध्यप्रदेश सरकार ने वन्य-प्राणी संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचारों को लागू किया है। पिछले डेढ़ दशक में बाघों और अन्य वन्य-प्राणियों के लिए आवास क्षेत्र की सुविधा कराने के लिए संरक्षित क्षेत्रों से 160 से अधिक ग्रामों का मुकम्मल स्थान पर पुनर्स्थापन कराया गया। दुर्गम वन क्षेत्रों के अंतर्गत न्यूनतम सुविधाओं के साथ रह रही 15 हजार से ज्यादा परिवार इकाइयों को वनों से बाहर लाया गया और उन्हें ग्राम-नगरों में बसाया गया। जिसका सुपरिणाम यह हुआ कि वन्य-प्राणियों को व्यवधान रहित स्वछंद रूप से रहवास मिल गया।

इस बार की गणना में सर्वाधिक बाघ संख्या वाले शीर्ष राज्य

- मध्यप्रदेश में 785
- कर्नाटक में 563
- उत्तराखंड में 560
- महाराष्ट्र में 444
- तमिलनाडु में 306
- असम में 227
- केरल में 213
- उत्तरप्रदेश में 205

राष्ट्रीय उद्यानों और टाइगर रिजर्व के प्रबंधन में भी मध्यप्रदेश अग्रणी

प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में राष्ट्रीय उद्यानों के बेहतर प्रबंधन की मुख्य भूमिका है। मध्यप्रदेश ने टाइगर राज्य का दर्जा हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्रों के प्रभावी प्रबंधन में भी देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रभावी प्रबंधन एवं मूल्यांकन की रिपोर्ट में देश के शीर्ष 5 टाइगर रिजर्व में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को द्वितीय एवं मध्यप्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पेंच टाइगर रिजर्व ने देश में नया मुकाम हासिल किया है। बांधवगढ़, कान्हा, संजय और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन वाला टाइगर रिजर्व माना गया है, इन राष्ट्रीय उद्यानों में अनुपम प्रबंधन योजनाओं और नवाचारी तरीकों को अपनाया गया है। कान्हा-पेंच वन्य-जीव विचरण कॉरिडोर भारत का पहला ऐसा कॉरिडोर है, जिसमें कॉरिडोर का प्रबंधन स्थानीय समुदायों, सरकारी विभागों, अनुसंधान संस्थानों और नागरिक संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से किया जाता है।

वर्ष 2022 की मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश के दो टाइगर रिजर्व कान्हा और सतपुड़ा उत्कृष्ट श्रेणी में हैं वहीं पेंच, बांधवगढ़ और पन्ना टाइगर रिजर्व को बहुत अच्छी श्रेणी और संजय टाइगर रिजर्व को अच्छी श्रेणी में रखा गया है।

नर्मदापुरम जिले में स्थित सतपुड़ा टाइगर रिजर्व लगभग 2130 वर्ग किलोमीटर में फैला है। सतपुड़ा की पहाड़ी श्रृंखला में 1500 से 10 हजार वर्ष पुराने 50 शैलाश्रय हैं। प्राकृतिक महत्व के साथ इनका पुरातात्विक महत्व भी है। इस प्रकार सतपुड़ा टाइगर रिजर्व देश के मध्य क्षेत्र के इकोसिस्टम की आत्मा है। यहां अकाई वट, जंगली चमेली जैसी वनस्पतियां भी हैं, जो अन्यत्र नहीं या बहुत कम पाई जाती हैं। यह डेक्कन बायो-जियोग्राफिक क्षेत्र का हिस्सा है। अभूतपूर्व प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह देश की प्राचीनतम वन संपदा है, जो बड़ी मेहनत से संजोकर रखी गई है। हिमालय के क्षेत्र में पाई जाने वाली वनस्पतियों की कुछ प्रजातियां और दक्षिण के वनों में पाई जाने वाली कुछ प्रजातियां, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में भी भरपूर पाई जाती हैं। कुछ प्रजातियां जैसे कीटभक्षी घटपर्णी, बांस, हिसालू, दारूहल्दी सतपुड़ा और हिमालय दोनों जगह मिलती हैं।

टाइगर रिजर्व के अनुसार बाघों की संख्या पर गौर करें तो उत्तराखंड का जिम कॉर्बेट 260 बाघों के साथ सबसे आगे रहा है। उसके बाद बांदीपुर (150), नागरहोल (141), बांधवगढ़ (135), दुधवा (135), मुदुमलाई (114), कान्हा (105), काजीरंगा (104), सुंदरबन (100), ताड़ोबा (97), सत्यमंगलम (85) और पेंच-मध्यप्रदेश (77) रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक कई टाइगर रिजर्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है।

मध्यप्रदेश की बात करें तो यहां देश में सर्वाधिक छह टाइगर रिजर्व हैं। पांच नेशनल पार्क और 10 सेंचुरी भी हैं। दमोह जिले के नौरादेही अभयारण्य को छठवां टाइगर रिजर्व बनाया गया है। प्रदेश का पहला टाइगर रिजर्व 1973 में कान्हा बना था। प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व सतपुड़ा है और सबसे छोटा टाइगर रिजर्व पेंच है। अभयारण्य के रूप में पचमढ़ी, पनपथा, बोरी, पेंच-मोगली, गंगऊ, संजय-दुबरी, बगदरा, सैलाना, गांधी सागर, केरेा, नौरादेही, राष्ट्रीय चम्बल, केन, नरसिंहगढ़, रातापानी, सिंघोरी, सिवनी, सरदारपुर, रालामण्डल, केन घड़ियाल, सोन चिड़िया अभयारण्य घाटीगांव, सोन घड़ियाल अभयारण्य, ओरछा और वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य के नाम शामिल हैं। प्रदेश के भीतर बाघों की संख्या टाइगर रिजर्व की सीमाओं के बाहर भी तेजी से बढ़ रही है।

मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व

- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
- पन्ना टाइगर रिजर्व
- पेंच टाइगर रिजर्व
- कान्हा टाइगर रिजर्व
- बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व
- संजय दुबरी टाइगर रिजर्व

परीक्षा उपयोगी अन्य महत्वपूर्ण तथ्य और आंकड़े

- भारत ने पृथ्वी की सात बिग कैट के संरक्षण के लिए 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' का शुभारंभ किया है, जो दुनिया की सात प्रमुख बिग कैट यानी बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता के संरक्षण और सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करेगा और इसके सदस्यों में इन प्रजातियों को शरण देने वाले देश शामिल होंगे।
- प्रोजेक्ट टाइगर के परिणामस्वरूप आज दुनिया के 70 प्रतिशत बाघ भारत में हैं।
- भारत प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट डॉल्फिन पर भी काम कर रहा है।
- प्रत्येक वर्ष विश्व बाघ दिवस 29 जुलाई को मनाए जाने का निर्णय वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग बाघ सम्मेलन में किया गया था।
- देश में एक अप्रैल 1973 को बाघों को बचाने के लिए प्रोजेक्ट टाइगर शुरू किया गया था। शुरुआत में इसमें 9 टाइगर रिजर्व थे। इनमें मध्यप्रदेश का एक कान्हा रिजर्व शामिल था। इस साल प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे हुए हैं।
- 1973 में जहां देशभर में बाघों के अभयारण्यों की शुरुआती संख्या नौ थी, देश में अब 53 टाइगर रिजर्व का एक नेटवर्क है। इसमें सबसे नया अभयारण्य राजस्थान का रामगढ़ विषधारी अभयारण्य है।
- भारत दुनिया का एकमात्र देश है जिसने देश में टाइगर रिजर्व के एमईई (प्रबंधन प्रभावशीलता मूल्यांकन) के पांच चक्रों को संस्थागत और प्रभावी ढंग से पूरा किया है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये

सामान्य ज्ञान-खेल

1. इस वर्ष किस फुटबॉल क्लब ने कोपा इटेलियन कप जीता है?
(अ) जुवेंट्स (ब) नेपोली
(स) रोमा (द) इंटर मिलान

2. इनमें से किस बल्लेबाज ने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज पांच हजार रन बनाये हैं?
(अ) सुनील गावस्कर
(ब) जैक हॉब्स
(स) डॉन ब्रेडमैन
(द) गैरी सोबर्स

3. कनाडा की महिला टेनिस खिलाड़ी बियांका आंद्रेस्क्यू ने वर्ष 2019 में कौन-सा ग्रैंडस्लैम टाइटल जीता है?
(अ) विम्बलडन
(ब) फ्रेंच ओपन
(स) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(द) यूएस ओपन

4. इस वर्ष किस भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने एटीपी रोम चैलेंजर खिताब जीता है?
(अ) सुमित नागल
(ब) यूकी भांबरी
(स) रोहन बोपन्ना
(द) साकेत मिनेनी

5. इलिना स्वितोलिना किस खेल की दिग्गज महिला खिलाड़ी हैं?
(अ) क्रिकेट (ब) फुटबॉल
(स) टेनिस (द) हॉकी

6. नोवाक जोकोविच ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?
(अ) 20 (ब) 22
(स) 23 (द) 24

7. शैली फ्रेजर प्राइस किसकी विश्व चैम्पियन खिलाड़ी हैं?
(अ) टेनिस (ब) बास्केटबॉल
(स) तैराकी (द) एथेलेटिक्स

8. एशियाई खेल-2023 में कितने खेल शामिल किए गए हैं?
(अ) 40 (ब) 43
(स) 45 (द) 48

9. इस वर्ष मलेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेता बने हैं?
(अ) जोनाथन क्रिस्टी
(ब) कुल्नावुत विटिदसर्न
(स) केंटो मोमोटा
(द) विक्टर एक्सेलसन

10. इनमें से किस बल्लेबाज ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में शतक बनाये हैं?
(अ) शुभमन गिल
(ब) ईशान किशन
(स) हनुमा विहारी
(द) इनमें से कोई नहीं

11. ईरानी ट्रॉफी भारत में किस खेल से संबंधित एक प्रतियोगिता है?
(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) एथेलेटिक्स (द) फुटबॉल

12. किस देश ने सबसे ज्यादा बार हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है?
(अ) नीदरलैंड (ब) जर्मनी
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) बेल्जियम

13. किस गेंदबाज ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप-2019 में सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं?
(अ) जसप्रीत बुमराह
(ब) कैगिसो रबाडा
(स) मार्क वुड
(द) मिशेल स्टार्क

14. वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप-2023 के चैम्पियन बने हैं?
(अ) रॉनी ओसुलिवान
(ब) मार्क सेल्बी
(स) लुका ब्रेसेल
(द) इनमें से कोई नहीं

15. ऑलियंस मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट-2023 में महिला वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) कैरोलिना मारिन
(स) बेइवेन झांग
(द) इनमें से कोई नहीं

16. हाल ही में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कौन-सा टूर्नामेंट जीता है?
(अ) कोरिया ओपन
(ब) मलेशिया ओपन
(स) चाइना ओपन
(द) कनाडा ओपन

17. वर्ष 2017 में किस देश ने फीफा कन्फेडरेशन कप जीता था?
(अ) पुर्तगाल (ब) जर्मनी
(स) ब्राजील (द) मैक्सिको

18. मेजर क्रिकेट लीग का आयोजन किस देश में किया गया है?
(अ) वेस्टइंडीज (ब) कनाडा
(स) अमेरिका (द) सउदी अरब

19. भारत में किस तारीख को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है?
(अ) 10 अगस्त (ब) 19 अगस्त
(स) 24 अगस्त (द) 29 अगस्त

20. एलेक्स मॉर्गन किस देश की महिला फुटबॉलर हैं?
(अ) अमेरिका (ब) इंग्लैंड
(स) फ्रांस (द) ऑस्ट्रेलिया

21. विराट कोहली ने कितनी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार हासिल किया है?
(अ) एक बार
(ब) दो बार
(स) तीन बार
(द) इनमें से कोई नहीं

22. इनमें से किस शहर में आईसीसी वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप के मैच नहीं आयोजित होंगे?
(अ) धर्मशाला
(ब) पुणे
(स) जयपुर
(द) लखनऊ

23. महिला टेनिस खिलाड़ी इलिना स्वितोलिना किस देश के लिए खेलती हैं?
(अ) सर्बिया (ब) कनाडा
(स) कोलंबिया (द) यूक्रेन

24. वर्ष 2026 में विंटर ओलिंपिक खेल किस देश में आयोजित किए जाएंगे?
(अ) इटली (ब) रूस
(स) कनाडा (द) डेनमार्क

25. इस वर्ष किस देश ने जूनियर महिला हॉकी एशिया कप टूर्नामेंट जीता है?
(अ) जापान (ब) भारत
(स) द. कोरिया (द) बांग्लादेश

उत्तर

1. (द), 2. (स), 3. (द), 4. (अ), 5. (स), 6. (स), 7. (द), 8. (अ), 9. (द), 10. (अ), 11. (ब), 12. (स), 13. (द), 14. (स), 15. (ब), 16. (अ), 17. (ब), 18. (स), 19. (द), 20. (अ), 21. (ब), 22. (स), 23. (द), 24. (अ), 25. (ब)।

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

ऐसे करें कराधान सहायक भर्ती परीक्षा-2023 की तैयारी

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे, डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

वाणिज्य विषय के जो विद्यार्थी टैक्सेशन में रुचि और दक्षता रखते हैं, उनके लिए मध्यप्रदेश में कराधान सहायक (टैक्सेशन असिस्टेंट) एक अच्छा कॅरियर विकल्प है। कर संबंधी नीतियों और प्रक्रियाओं के उचित क्रियान्वयन के मद्देनजर कराधान सहायक अहम भूमिका निभाते हैं। मध्यप्रदेश शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के अन्तर्गत कराधान सहायक के 100 रिक्त पदों के लिये मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **17 दिसंबर, 2023** को कराधान सहायक परीक्षा की लिखित परीक्षा आयोजित की जानी है। इस परीक्षा में वाणिज्य से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र सम्मिलित हो सकते हैं। इस परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों के लिये न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष है।

उल्लेखनीय है कि कराधान सहायक परीक्षा के तहत लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ (ओएमआर आधारित) प्रकार की होगी। तीन घंटों की समयावधि वाली कराधान सहायक की लिखित परीक्षा के लिये कुल 450 अंक निर्धारित हैं। इसमें दो सेक्शन होंगे। खंड ए और खंड बी होंगे। खंड ए में 50 प्रश्न होंगे प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक होंगे। कुल 150 अंक होंगे। ये प्रश्न सामान्य अध्ययन और मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। खंड बी में वाणिज्य से संबंधित 100 प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न के 3 अंक होंगे। कुल 300 अंक होंगे। इस प्रकार लिखित परीक्षा 450 अंकों की होगी।

मध्यप्रदेश कराधान सहायक परीक्षा के **खंड भाग-ए** के तहत जहां मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछे जाएंगे, वहीं राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय एवं विविध

सामान्य ज्ञान के प्रश्न भी होंगे। खासतौर से मध्यप्रदेश का इतिहास, संस्कृति और साहित्य (प्रमुख राजवंश, जनजातियां एवं बोलियां, प्रमुख त्योहार, लोक संगीत और लोक कलाएं, प्रमुख साहित्यकार और उनकी रचनाएं, प्रमुख पर्यटन स्थल, प्रमुख शख्सियत आदि), मध्यप्रदेश का भूगोल (वन, पर्वत और नदियां, जलवायु, प्राकृतिक एवं खनिज संसाधन, ऊर्जा संसाधन, प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत परियोजनाएं आदि), मध्यप्रदेश की राजनीति और अर्थशास्त्र (राज्यपाल, मंत्रिमंडल, विधानसभा, पंचायती राज व्यवस्था, जनसांख्यिकी एवं जनगणना, आर्थिक विकास, प्रमुख उद्योग तथा कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग आदि), मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण समसामयिक घटनाएं प्रमुख खेल प्रतियोगिताएं, पुरस्कार एवं खेल संगठन, प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाएं, मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध हस्तियां और स्थान आदि से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं। इस प्रश्न पत्र में राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम के साथ, विविध सामान्य अध्ययन के प्रश्नों के तहत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा, ई-शासन, इंटरनेट और सोशल नेटवर्किंग साइटें, ई-कॉमर्स आदि) के विशेष प्रश्न होंगे। सामान्य विज्ञान और पर्यावरण पर प्रश्न विज्ञान की सामान्य सराहना और समझ को कवर करेंगे। इतिहास में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक पहलुओं से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन और स्वतंत्र भारत के विकास पर भी प्रश्न हो सकते हैं। भौतिक, सामाजिक एवं आर्थिक भूगोल से संबंधित सामान्य ज्ञान के साथ-साथ भारतीय कृषि और प्राकृतिक संसाधनों पर प्रश्न भी शामिल हो सकते हैं।

यह महत्वपूर्ण है कि इस परीक्षा में सामान्य ज्ञान की तुलना में वाणिज्य विषय के खंड के लिए दोगुने अंक रखे गए हैं। अतएव पाठ्यक्रम के अनुरूप वाणिज्य के प्रमुख अध्यायों पर विशेष ध्यान देना होगा। मध्यप्रदेश कराधान सहायक परीक्षा के **खंड बी वाणिज्य** के तहत लेखांकन, साझेदारी लेखे, निगमीय लेखे, लागत लेखे, प्रबंधन, कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली, अंकेक्षण एवं वाणिज्य के विविध आयाम, व्यावसायिक गणित, वस्तु एवं सेवा कर तथा मूल्य संवर्धित कर प्रणाली से संबंधित प्रश्न होंगे। खासतौर से सैद्धांतिक लेखांकन के तहत प्रकृति, उद्देश्य, सिद्धांत, अवधारणा, परंपरा और सीमा, लेखांकन प्रक्रिया। व्यावहारिक लेखांकन के तहत समायोजन, पूंजी और राजस्व मदों, मूल्यह्रास आरक्षित प्रावधान और निधि के साथ अंतिम खाते। साझेदारी खाते के तहत साझेदारी विलेख, प्रवेश, सेवानिवृत्ति, मृत्यु और विघटन। कंपनी संबंधी प्रश्नों के तहत शेयरों को जब्त करना, बोनस शेयर जारी करना, डिबेंचर जारी करना और मोचन, अंतिम खाते और प्रकाशित खातों का विश्लेषण और व्याख्या। लागत खातें के तहत प्रकृति, उद्देश्य और महत्व, लागत के तत्व, लागत-पत्रक, निविदाएं, लागत का समाधान और वित्तीय खाते। अंकेक्षण के तहत प्रकृति, वस्तुएं एवं महत्व, लेखा परीक्षा कार्यक्रम, लेखा परीक्षक की नियुक्ति, लेखा परीक्षक के अधिकार, कर्तव्य और दायित्वा। वाणिज्यिक गणित के तहत एक साथ समीकरण, औसत, अनुपात, कमीशन, लाभ और हानि और ब्याज की गणना - सरल और चक्रवृद्धि ब्याज। वाणिज्य के विभिन्न आयाम के तहत उद्यमिता, स्टॉक एक्सचेंज, बहुराष्ट्रीय कंपनियां और उनके कार्य। व्यावसायिक वातावरण को प्रभावित करने वाले कारक। ई-कॉमर्स की विशेषताएं तथा कराधान और जीएसटी संबंधी विशेष प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

एक जुलाई, 2017 देश के इतिहास में सबसे बड़े अप्रत्यक्ष कर (इनडायरेक्ट टैक्स) सुधार वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) लागू होने के ऐतिहासिक दिन के लिए याद किया जाएगा। 1 जुलाई, 2017 के पहले तक देश में कई तरह के अप्रत्यक्ष कर लागू रहे हैं। पारंपरिक रूप से एक्साइज ड्यूटी और कस्टम ड्यूटी अप्रत्यक्ष कर राजस्व का प्रमुख भाग रहे हैं। कर सुधार के तहत लागू किए गए सर्विस टैक्स, सेल्स टैक्स, कमर्शियल टैक्स, सेनवैट और स्टेट वैट एंट्री टैक्स भी महत्वपूर्ण रहे हैं। जीएसटी व्यवस्था में जीएसटी परिषद सर्वोच्च शक्ति सम्पन्न निकाय है। भारत के वित्तमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होते हैं।

चूंकि कराधान सहायक का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसमें बड़ी संख्या में वाणिज्य के छात्र शामिल होंगे अत: इस परीक्षा की रणनीतिक तैयारी जरूरी है। वाणिज्य के प्रश्नपत्र की तैयारी के लिए उम्मीदवार उन सभी पुस्तकों का अध्ययन कर सकते हैं जो उन्होंने कामर्स ग्रेजुएट होने तक पढ़ी हैं। सामान्य ज्ञान की ऐसी बुनियादी तैयारी के साथ-साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिये उपलब्ध स्तरीय मासिक पत्रिकाओं का अध्ययन आवश्यक होता है। इसके मद्देनजर मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान के लिये मध्यप्रदेश सरकार के प्रकाशन-पंचायिका, मध्यप्रदेश संदेश, रोज़गार और निर्माण का अध्ययन भी काफी लाभप्रद हो सकता है।

वे सभी युवा जो कराधान सहायक परीक्षा-2023 में चयनित होने का सपना संजो रहे हैं उन्हें चाहिए कि वे परिश्रम और आत्मविश्वास के संकल्प के साथ अच्छे अध्ययन संदर्भों का उपयोग करें। यदि उम्मीदवार समय प्रबंधन के साथ व्यवस्थित तरीके से इस परीक्षा की तैयारी कर लेते हैं तो सफलता निश्चित ही उनके कदमों में होगी।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

मंत्रिपरिषद के निर्णय

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में किसानों को मिलेंगे 6 हजार रुपये

- मंत्रिपरिषद ने ग्राम पंचायत सचिवों को सातवें वेतनमान का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस पर आने वाले अतिरिक्त व्ययभार राशि 178 करोड़ 88 लाख रुपये को गौण खनिज मद में अतिरिक्त रूप से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया है।
- मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में 53 सीएम राइज विद्यालयों और 19 कन्या शिक्षा परिसर के निर्माण के लिये कुल 2491.91 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 37 सर्वसुविधा सम्पन्न विद्यालयों के निर्माण के लिये कुल अनुमानित लागत 1362 करोड़ 91 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 16 सीएम राइज विद्यालय के लिये 540 करोड़ रुपये और 19 कन्या शिक्षा परिसर के लिये 589 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है।
- मंत्रिपरिषद ने भिण्ड के मालनपुर में सैनिक स्कूल के निर्माण की स्वीकृति दी। सैनिक स्कूल का निर्माण रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन से प्राप्त

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 से पात्र किसानों को 6 हजार रुपये का भुगतान करने की स्वीकृति दी है। पूर्व में 1 अप्रैल से 31 अगस्त एवं 1 सितम्बर से 31 मार्च की अवधि में 2 समान किश्तों में कुल 4 हजार रुपये का भुगतान किया जाता था। अब वित्तीय वर्ष 2023-2024 से 1 अप्रैल से 31 जुलाई, 1 अगस्त से 30 नवम्बर एवं 1 दिसम्बर से 31 मार्च की अवधि में कुल 3 समान किश्तों में कुल 6 हजार रुपये का भुगतान पात्र किसानों को करने की स्वीकृति दी गई है। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं -

100 करोड़ रुपये से किया जाएगा। सैनिक स्कूल के लिये फर्नीचर और संचालन के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा बजट का प्रावधान किया जाएगा।

- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में नवीन जिला मऊगंज के गठन की स्वीकृति दी गई। रीवा जिले की 3 तहसीलें मऊगंज, हनुमना और नईगढ़ी को समाविष्ट कर नवीन जिला मऊगंज का गठन किया गया है। नवीन जिला मऊगंज के गठन के बाद शेष रीवा जिले में 9 तहसीलें हुजूर, हुजूर नगर, जया, त्योंथर, रायपुर करचुलियां, गुढ़, सिरमौर, सेमरिया और मनगवां शेष रहेंगी। नवीन जिला मऊगंज के कुशल संचालन के लिये कलेक्टर का 1, अपर कलेक्टर का 1, संयुक्त कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर के 5, सहायक लेखाधिकारी वित्त विभाग (प्रतिनियुक्ति/संविदा से) के 1, अधीक्षक का 01, सहायक अधीक्षक के 2, ऑडिटर का 1, निज सहायक का 1, स्टेनोग्राफर का 1, सहायक ग्रेड-2 के 13, सहायक ग्रेड-3 के 25, स्टेनोटायपिस्ट के 3, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 3, वाहन चालक के 6, जमादार का 1 और भृत्य के 31 पदों का सृजन किया गया है।
- मंत्रिपरिषद ने शाजापुर में नवीन अनुविभाग गुलाना के सृजन की स्वीकृति दी। नवीन अनुविभाग में तहसील गुलाना के राजस्व निरीक्षक मण्डल गुलाना 1 के समस्त 20 हल्के, राजस्व निरीक्षक मण्डल मंगलाज 2 के समस्त 12 हल्के, राजस्व निरीक्षक मण्डल सलसलाई 3 के समस्त 12 हल्के इस प्रकार कुल 44 हल्कें समाविष्ट होंगे तथा इसके गठन पश्चात शेष शाजापुर अनुविभाग में तहसील शाजापुर के 80 हल्कें और मोमन बड़ोदिया के 48 हल्कें इस प्रकार कुल 128 हल्के समाविष्ट होंगे।
- नवीन अनुविभाग गुलाना के कुशल संचालन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) का 1, स्टेनो टायपिस्ट का 1, सहायक ग्रेड-2 के 2, सहायक ग्रेड-3 के 3, वाहन चालक का 1 और भृत्य के 4 पद इस प्रकार कुल 12 पद स्वीकृत करने की मंजूरी दी गई।
- मंत्रिपरिषद ने भारत सरकार की मिशन शक्ति के 'सामर्थ्य' अंतर्गत शक्ति सदन योजना को प्रदेश के जिलों में भारत सरकार के नवीन मापदण्ड अनुसार संचालित करने की स्वीकृति दी है। शक्ति सदन योजना के संचालन के लिये भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 15वें वित्त आयोग की अवधि 2025-26 तक संचालन करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।
- मंत्रिपरिषद ने अलीराजपुर में परिवहन विभाग की वार्ड क्र. 5 स्थित अलीराजपुर बस डिपो भूमि परिसम्पत्ति पार्सल क्रमांक 1 कुल क्षेत्रफल 3980.32 वर्गमीटर के निवर्तन के लिये H-1 निविदाकार की उच्चतम निविदा राशि 2 करोड़ 25 लाख 72 हजार रुपये जो कि रिजर्व मूल्य राशि 2.07 करोड़ रुपये का 1.09 गुना है, की संस्तुति करते हुए उसे विक्रय करने एवं H-1 निविदाकार द्वारा निविदा राशि का 100% जमा करने के बाद अनुबंध/रजिस्ट्री की कार्यवाही जिला कलेक्टर द्वारा किये जाने का निर्णय लिया।
- मंत्रिपरिषद ने शासकीय शालाओं की कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं के गणवेश स्व-सहायता समूह के माध्यम से प्रदान करने के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्ण का अनुमोदन किया गया।

खेल चर्चा

एशियाई खेलों के लिए भारतीय फुटबॉल टीम घोषित

नई दिल्ली, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने के लिए भारतीय फुटबॉल टीम की घोषणा की है। 22 सदस्यीय भारतीय फुटबॉल टीम की कमान स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री को सौंपी गई है। एशियाई खेलों में भाग लेनी वाली टीम में अंडर-23 खिलाड़ी यानी 23 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ी खेलेंगे। हालांकि प्रत्येक टीम में 3 खिलाड़ी 23 वर्ष से अधिक उम्र के शामिल किए जा सकते हैं। भारतीय फुटबॉल टीम में 23 वर्ष से अधिक वर्ग में सुनील छेत्री, संदेश झिंगन और गुरप्रीत सिंह संधू को जगह मिली है। एशियाई खेल-2023 में भारत को चीन, बांग्लादेश और म्यांमार के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है।

सियाजरूल इदरस ने ट्वेंटी-20 क्रिकेट में बनाया विश्व रिकॉर्ड

क्वालालंपुर, मलेशिया के तेज गेंदबाज सियाजरूल इदरस ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में इतिहास रच दिया है। सियाजरूल ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप एशिया-बी क्वालिफायर में चीन के खिलाफ मैच में एक पारी में 7 विकेट लेने का कारनामा किया है। ये ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में किसी भी गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। सियाजरूल ने इस मैच में 8 रन देकर 7 विकेट लिए। सियाजरूल के इस प्रदर्शन के चलते मलेशिया ने चीन को महज 23 रन पर ऑल आउट किया और 8 विकेट से मैच जीत लिया। इससे पहले ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नाइजीरिया के पीटर अहो के नाम एक पारी में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड था।

टेलर फ्रिट्ज ने जीता अटलांटा ओपन

अटलांटा, अमेरिका के युवा टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्जेंडर बुब्किक को हराकर अटलांटा ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। फ्रिट्ज ने पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में बुब्किक को रोमांचक अंदाज में 7-5, 6-7, 6-4 से हराया। फाइनल मुकाबले में ऐसा लग रहा था कि फ्रिट्ज आसानी से जीत जायेंगे, लेकिन बुब्किक ने फ्रिट्ज को कड़ी टक्कर दी। ये फ्रिट्ज का इस सत्र में दूसरा और कुल छठवां एटीपी खिताब है।

एलेक्स हेल्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

लंदन, इंग्लैंड के स्टार क्रिकेटर एलेक्स हेल्स ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। हेल्स ने सोशल मीडिया के जरिए संन्यास का ऐलान करते हुए कहा कि मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने का फैसला किया है। तीनों प्रारूपों में देश का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य मिला, अब आगे बढ़ने का समय है। हेल्स ने कहा कि वे घरेलू क्रिकेट में खेलते रहेंगे। हेल्स ने इंग्लैंड के लिए 75 ट्वेंटी-20, 70 वन-डे और 11 टेस्ट मैच खेले हैं। हेल्स ने वन-डे में 6 और ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक बनाया है। वे वर्ष 2021 में आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली इंग्लिश टीम के सदस्य रहे हैं।

तीरंदाजी विश्व चैम्पियनशिप

ओजस और अदिति ने भारत को दिलाये स्वर्ण पदक

- इस वर्ष भारत ने चैम्पियनशिप में चार पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया है।
- पदक तालिका में दक्षिण कोरिया तीन पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।
- भारत ने पहली बार इस चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।
- इस चैम्पियनशिप में भारत अब तक कुल 14 पदक जीत चुका है।
- इनमें तीन स्वर्ण, नौ रजत और एक कांस्य पदक शामिल हैं।

बर्लिन, भारतीय तीरंदाजों ने जर्मनी में आयोजित तीरंदाजी विश्व चैम्पियनशिप में लाजवाब प्रदर्शन किया है। चैम्पियनशिप में भारतीय तीरंदाजों ने तीन स्वर्ण और एक कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत के लिए ओजस देवताले और अदिति गोपीचंद स्वामी ने व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, वहीं महिला कंपाउंड टीम ने भी स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

चैम्पियनशिप में भारत को पहला स्वर्ण पदक महिला तीरंदाजों की टीम ने दिलाया। परनीत कौर, अदिति गोपीचंद स्वामी और ज्योति सुरेखा वेन्नाम की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में मैक्सिको की आंद्रिया बेकेरा, एना सोफिया हर्नांडेज और दाफने क्विंटारो की तिकड़ी को 235-229 से हराया।

अदिति ने रचा इतिहास

भारत की नवोदित तीरंदाज अदिति गोपीचंद स्वामी ने चैम्पियनशिप में इतिहास रच दिया। अदिति तीरंदाजी विश्व चैम्पियनशिप के एक सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय तीरंदाज बन गई हैं। अदिति ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा के बाद महिला कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा के फाइनल में अदिति ने मैक्सिको की आंद्रिया बेकेरा को बेहद नजदीकी मुकाबले में 149-147 से हराया। इस स्पर्धा का कांस्य पदक भी भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नाम ने जीता।

ओजस ने भी जीता स्वर्ण पदक

चैम्पियनशिप में युवा तीरंदाज ओजस देवताले ने भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया।

ओजस ने पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल में पोलैंड के लुकास प्रिजीब्ल्स्की को रोमांचक मुकाबले में 15-149 से हराया। फाइनल राउंड में ओजस ने सभी निशाने सटीक लगाए और एक भी अंक गवाएं बिना परफेक्ट 150 अंक अर्जित किए।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता तीन देशों का टूर्नामेंट

बार्सिलोना, भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेन में आयोजित तीन देशों के हॉकी टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के आखिरी मैच में मेजबान स्पेन को 3-0 से हराया। इस मैच में भारत के लिए वंदना कटारिया ने 22वें मिनट में, मोनिका ने 48वें मिनट में और उदिता ने 58वें मिनट में गोल दागे। उल्लेखनीय है कि स्पेनिश हॉकी फेडरेशन (एसएचएफ) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर एसएचएफ ने त्रिकोणीय टूर्नामेंट आयोजित किया था, इस टूर्नामेंट की तीसरी टीम इंग्लैंड थी। इसके अलावा पुरुष वर्ग में चार टीमों का टूर्नामेंट भी खेला गया। इस टूर्नामेंट में भारत की पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड्स को हराकर कांस्य पदक जीता है।

बीसीसीआई ने कोचिंग स्टाफ के लिए मांगे आवेदन

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीसीसीआई ने मुख्य कोच की नियुक्ति पर कोई फैसला नहीं किया है। बीसीसीआई ने कहा कि गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच का कार्यकाल दो वर्ष का होगा और उन्हें मुख्य कोच के अधीन कार्य करना होगा। रमेश पवार को मुख्य कोच पद से हटाने के बाद से ही भारतीय महिला क्रिकेट टीम में मुख्य कोच का पद खाली है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम अब एशियाई खेलों में खेलती हुई नजर आयेगी।

आयरलैंड दौरे पर बुमराह होंगे टीम इंडिया के कप्तान

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस महीने आयरलैंड दौरे पर खेली जाने वाले तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 सदस्यीय टीम इंडिया की कमान तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को सौंपी गई है। बीसीसीआई ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों को भेजने का फैसला लिया है।

बीसीसीआई ने कहा कि आगामी एशिया कप और वन-डे विश्वकप को देखते हुए विराट कोहली, रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। वहीं तेज गेंदबाज बुमराह चोट से उबरने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं, बुमराह को पिछले साल सितम्बर में न्यूजीलैंड दौरे पर चोट लग गई थी। इसके बाद से ही बुमराह टीम इंडिया से बाहर थे। बुमराह पहली बार ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कप्तानी करेंगे।

आयरलैंड दौरे पर भारत और आयरलैंड के बीच तीन ट्वेंटी-20 मैच 18, 20 और 23 अगस्त को खेले जायेंगे।

भारतीय टीम- जसप्रीत बुमराह (कप्तान), ऋतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, रिंकु सिंह, तिलक वर्मा, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, शहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार और आवेश खान।

वेस्टइंडीज को भारत ने तीसरे मैच में सात विकेट से हराया

गुयाना, वेस्टइंडीज और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज का तीसरा मैच भारत ने 7 विकेट से जीत लिया है। सीरीज के शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने के बाद भारतीय टीम वापसी करने में सफल रही।

तीसरे मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (42) और काइल मेयर्स (25) ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 7.4 ओवरों में 55 रनों की साझेदारी की। अक्षर पटेल ने मेयर्स का आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 159 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। अपना पहला ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे यशस्वी जायसवाल (1) पहले ओवर में ही आउट हो गए, वहीं शुभमन गिल भी 6 रन ही बना सके।

इसके बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने भारतीय पारी को संभाला। सूर्यकुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 44 गेंदों में 83 रन बनाये। इस पारी के दौरान सूर्यकुमार ने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। वहीं युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाये। तिलक ने सूर्यकुमार के साथ 87 रन और हार्दिक पंड्या के साथ 43 रनों की साझेदारी की।

ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीतने से चूके प्रणय

सिडनी, ऑस्ट्रेलियन ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय शटलर एचएस प्रणय खिताब जीतने से चूक गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में चीन के वेंग होंगयांग ने प्रणय को हराकर खिताब जीता। वेंग ने यह मुकाबला 21-9, 23-21, 22-20 से हराया।

- प्रणय इस वर्ष मलेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट जीत चुके हैं।
- वेंग होंगयांग का यह तीसरा और इस वर्ष का पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है।

लगभग 90 मिनट तक चले मुकाबले में वेंग और प्रणय के बीच काटे की टक्कर देखने को मिली। मैच के पहले गेम में वेंग पूरी तरह हावी रहे। पहले गेम में प्रणय अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए संघर्ष करते नजर आये। पहले गेम में वेंग ने प्रणय को 21-9 से हराया। दूसरे गेम में प्रणय ने वापसी करते हुए बेहतरीन खेल दिखाया। दूसरे गेम में वेंग ने शुरुआती बढ़त बनाई, इसके बाद प्रणय ने लय हासिल की और मैच को 21-21 की बराबरी पर ला दिया। प्रणय ने गेम पॉइंट पर दूसरा गेम जीतकर मैच में बराबरी की।

मैच का तीसरा गेम भी रोमांचक रहा। तीसरे गेम में एक समय प्रणय 5 अंकों से आगे थे, लेकिन वे इस बढ़त को जारी नहीं रख पाये। वेंग ने कड़ी मशक्कत के बाद तीसरा गेम 22-20 से जीतकर खिताब पर कब्जा जमाया।

झांग वनीं महिला वर्ग की चैम्पियन

प्रतियोगिता में महिला एकल वर्ग का खिताब अमेरिकी खिलाड़ी बेइवेन झांग ने जीता। झांग ने फाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया की किम गेयुन को 20-22, 21-16, 21-8 से हराया। मैच में पहला गेम हारने वाली झांग ने दूसरे गेम में जबरदस्त वापसी करते हुए किम को 21-16 से हराया। इसके बाद झांग ने तीसरे गेम को एकतरफा अंदाज में 21-8 से जीता।

वन-डे विश्वकप के लिए भारत आयेगी पाकिस्तान की टीम

इस्लामाबाद, भारत की मेजबानी में इस वर्ष खेले जाने वाले आईसीसी वन-डे विश्वकप में पाकिस्तान की क्रिकेट टीम हिस्सा लेगी। पाकिस्तान सरकार ने अपनी टीम को विश्वकप में खेलने की मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि खेल को राजनीति से दूर रखना चाहिए, इसीलिए पाकिस्तान अपनी टीम को आईसीसी वन-डे विश्वकप के लिए भारत भेजने को तैयार है। उल्लेखनीय है कि इस विश्वकप में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। विश्वकप में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

• बेलारूस ने •

शुरू किया सैन्य अभ्यास

बेलारूस और नाटो देश पोलैंड और लिथुआनिया में एक बार फिर से तनाव भड़कता दिख रहा है। बेलारूस ने पोलैंड

• नाटो देश इसे बेलारूस और वैगनर की भड़काने वाली कार्रवाई मान रहे हैं।

और लिथुआनिया की सीमा पर सैन्य अभ्यास शुरू किया है। रूस में विद्रोह के बाद अब वैगनर के लड़ाके बेलारूस पहुंच गए हैं और पोलैंड ने चेतावनी दी है कि वे उनकी सीमा के अंदर प्रवेश कर सकते हैं।

ज्ञात रहे कि इससे पहले रूस में असफल विद्रोह के बाद हजारों की तादाद में हथियारबंद वैगनर लड़ाके एक समझौते के बाद बेलारूस पहुंचे थे। इस समझौते को बेलारूस के तानाशाह लुकाशेंको ने कराया था। इसके बाद वैगनर के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन को आपराधिक मामलों से माफी दे दी गई थी। पोलैंड और लिथुआनिया दोनों ने ही कहा है कि रूस और बेलारूस की ओर से उकसावे वाली कार्रवाई हो रही है।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह

देश में स्वदेशी को लेकर नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम् में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह को संबोधित किया और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित ई-पोर्टल 'भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष-कपड़ा और शिल्प का भंडार' का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज का भारत सिर्फ 'वोकल फॉर लोकल' ही नहीं, बल्कि इसे दुनिया भर में ले जाने के लिए वैश्विक मंच भी प्रदान कर रहा है। अगस्त क्रांति का महीना है। यह भारत की आजादी के लिए किए गए हर बलिदान को याद करने का समय है। स्वदेशी आंदोलन पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह केवल विदेश में बने कपड़ों के बहिष्कार तक ही सीमित नहीं था, बल्कि भारत की स्वतंत्र अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरणास्रोत भी रहा। यह भारत के बुनकरों को लोगों से जोड़ने का आंदोलन था और सरकार द्वारा इस दिन का चयन राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में करने के पीछे यही प्रेरणा थी। प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि पिछले कुछ वर्षों से हथकरघा उद्योग के साथ-साथ बुनकरों की प्रगति के लिए भी अभूतपूर्व काम किया गया है। देश में स्वदेशी को लेकर नई क्रांति का सूत्रपात हुआ है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि 9 साल पहले खादी और ग्रामोद्योग का कारोबार सिर्फ 25-30 हजार करोड़ रुपये था, लेकिन आज

- पिछले 9 वर्षों में 600 से अधिक हथकरघा क्लस्टर विकसित किए गए हैं और हजारों बुनकरों को प्रशिक्षित किया गया है।
- गत वर्षों में खादी के उत्पादन में 3 गुना से अधिक की वृद्धि हुई है। खादी कपड़ों की बिक्री में 5 गुना वृद्धि हुई है और विदेशों में भी इसकी मांग बढ़ रही है।
- इस साल 9वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया, प्रधानमंत्री ने भारतीय वस्त्र एवं शिल्प कोष के ई-पोर्टल को लॉन्च किया। यह कपड़ा और शिल्प का एक भंडार है, जिसे राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) द्वारा विकसित किया गया है।
- स्वदेशी आंदोलन 7 अगस्त 1905 को शुरू हुआ था और इसने स्वदेशी उद्योगों, विशेष रूप से हथकरघा बुनकरों को प्रोत्साहित किया था। इसी से प्रेरित होकर सरकार ने 7 अगस्त 2015 से राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाना प्रारंभ किया है।

यह एक लाख तीस हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का हो गया है। गांवों और जनजातीय इलाकों में हथकरघा क्षेत्र से जुड़े लोगों तक अतिरिक्त 1 लाख करोड़ रुपये पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने नीति आयोग की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें पिछले 5 वर्षों में 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकलने की बात कही गई है और उन्होंने इसमें बढ़ते कारोबार का योगदान होने की बात स्वीकार की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ देशवासी स्वदेशी उत्पादों को हाथों हाथ खरीद रहे हैं और यह एक जन आंदोलन बन गया है। उन्होंने रक्षाबंधन, गणेश उत्सव, दशहरा और दीपावली के आगामी त्योहारों में एक बार फिर से बुनकरों और हस्तशिल्पियों की सहायता करने के लिए स्वदेशी के संकल्प को दोहराने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार अपने बुनकरों को दुनिया का सबसे बड़ा बाजार उपलब्ध कराने के लिए एक स्पष्ट रणनीति के साथ काम कर रही है। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियां भारत के एमएसएमई, बुनकरों, कारीगरों और किसानों के उत्पादों को दुनिया भर के बाजारों तक पहुंचाने के लिए आगे आ रही हैं। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत के हथकरघा, खादी और वस्त्र क्षेत्र को विश्व चैंपियन बनाने के लिए सबके प्रयास की आवश्यकता होगी। चाहे श्रमिक हो, बुनकर हो, डिजाइनर हो या उद्योगपति हो, हर किसी को समर्पित प्रयास करना होगा। उन्होंने बुनकरों के कौशल को पैमाने और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

नासा ने

खोज निकाला अंतरिक्ष में खोया हुआ स्पेसक्राफ्ट

अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने कहा कि उसने उम्मीद से कुछ महीने पहले ही अपने खोए हुए वॉयजर-2 प्रोब के साथ पूरी तरह संपर्क स्थापित कर लिया है। वैज्ञानिकों को एक 'हार्टबीट' सिग्नल मिला था। एक शक्तिशाली कमांड 'इंटरस्टेलर शाउट' के चलते अब इसका एंटीना वापस पृथ्वी की ओर मुड़ गया

- नासा ने स्पेसक्राफ्ट वॉयजर-2 के साथ दोबारा स्थापित किया संपर्क।
- गलत कमांड भेजने के बाद दूसरी दिशा में मुड़ गया था प्रोब का एंटीना।
- 1977 में गहरे अंतरिक्ष की खोज के लिए भेज गए स्पेसक्राफ्ट को जुलाई में एक गलत कमांड चली गई थी जिससे उसकी स्थिति बदल गई थी और संपर्क टूट गया था।

है। नासा को मूल रूप से अंतरिक्ष यान के अक्टूबर में खुद को रीसेट करने की उम्मीद थी।

हालांकि मिशन कंट्रोलर्स को यह पता लगाने में 37 घंटे लग गए कि क्या इंटरस्टेलर कमांड ने काम किया क्योंकि वॉयजर-2 पृथ्वी से अरबों किमी दूर मौजूद है। वॉयजर प्रोजेक्ट मैनेजर सुज़ैन डोड ने एएफपी को बताया कि कर्मचारियों ने अंतरिक्ष यान को मैसेज भेजने के लिए 'सबसे पावरफुल ट्रांसमीटर' का इस्तेमाल किया। साथ ही इसे 'सबसे अच्छी परिस्थितियों' के दौरान भेजने का समय निर्धारित किया गया ताकि एंटीना कमांड के साथ लाइनअप हो जाए।

ऑस्ट्रेलिया में

मालाबार अभ्यास 2023 शुरू

भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया ने प्रशांत महासागर में मालाबार नौसैनिक अभ्यास का ऐलान किया है। यह अभ्यास ऑस्ट्रेलियाई जल क्षेत्र में आयोजित होने वाला है। इसमें चारों देशों की नौसेनाएं युद्ध के अलग-अलग गुर सीखेंगी। ये चारों देश क्वाड के भी सदस्य हैं, जिसका पहला मकसद इंडो-पैसिफिक में खुला और मुक्त नौवहन है। वहीं, चीन की पूरी कोशिश दक्षिण चीन सागर समेत इंडो-पैसिफिक के जल क्षेत्र को अपने कब्जे में करने की है। यही कारण है कि चीन प्रशांत महासागर के छोटे-छोटे देशों को फंसाकर वहां अपना नौसैनिक अड्डा स्थापित करने में जुटा है।

मालाबार अभ्यास की शुरूआत 1992 में भारत और अमेरिका ने की थी। तब इन्हीं दोनों देशों की नौसेनाएं इस नौसैनिक

- भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाएं लेंगी हिस्सा।
- यह सैन्य अभ्यास 11 से 21 अगस्त तक होगा।

अभ्यास में हिस्सा लेती थीं। 2007 में जापान, सिंगापुर और ऑस्ट्रेलिया की भागीदारी से इसका विस्तार किया गया। जापान 2015 में एक स्थायी भागीदार बन गया। हालांकि, उस वक्त चीन के दबाव में ऑस्ट्रेलिया ने इस नौसैनिक अभ्यास से दूरी बना ली। 2020 में चीन के साथ रिश्ते तल्ख होने के बाद ऑस्ट्रेलिया फिर से मालाबार युद्धाभ्यास में शामिल हुआ और तब से लगातार बना हुआ।

ऑस्ट्रेलिया पहली बार मालाबार नौसैनिक अभ्यास की मेजबानी कर रहा है। इस दस दिवसीय अभ्यास का उद्देश्य ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका के बीच आपसी तालमेल को गहरा करना है। यह अभ्यास इंडो-पैसिफिक के लिए साझा आकांक्षा के लिए, स्वतंत्र, खुले और लचीले इंडो-पैसिफिक के लिए साझेदारी को गहरा करने के लिए भी डिजाइन किया गया है। इस अभ्यास का आयोजन AUSINDEX के तुरंत बाद किया जा रहा है।

लाल सागर पहुंचे तीन हजार अमेरिकी नौसैनिक

लाल सागर में अमेरिकी टैंकर पर ईरानी कब्जे के बाद हालात युद्ध जैसे बन गए हैं। ईरान के इस कदम के जवाब में 3000 से अधिक अमेरिकी नौसैनिक दो युद्धपोतों पर सवार होकर लाल सागर पहुंच गए हैं। अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े ने कहा है कि अमेरिकी नाविकों और नौसैनिकों ने पूर्व घोषित तैनाती के तहत स्वेज नहर से गुजरने के बाद लाल सागर में प्रवेश किया है। दूसरी ओर ईरान ने भी धमकी देते हुए कहा है कि वह अमेरिका की किसी भी आक्रामक कार्रवाई का पूरी ताकत के साथ जवाब देगा। ईरान ने भी लाल सागर से सटे इलाकों में अपनी नौसेना को हाई अलर्ट पर कर दिया है। अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े ने अपने बयान में कहा है कि अमेरिकी नौसैनिक यूएसएस बाटन और यूएसएस कार्टर हॉल युद्धपोतों पर सवार होकर लाल सागर पहुंचे हैं। अमेरिकी सेना का कहना है कि ईरान से पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में लगभग 20 अंतर्राष्ट्रीय ध्वज वाले जहाजों को या तो जब्त कर लिया है या उन्हें अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया है।

बता दें कि यूएसएस बाटन एक एम्फीबियस अटैक शिप है, जो फिक्स्ड विंग और रोटरी विमान के साथ-साथ लैंडिंग क्राफ्ट भी ले जा सकता है। यूएसएस कार्टर हॉल एक डॉक लैंडिंग शिप है, जिसमें टैंक, एम्फीबियस व्हीकल और दूसरे वाहनों को ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। यह जहाज समुद्र तट पर सैनिकों और वाहनों को आसानी से उतार सकता है।

अमेरिकी सीमा के पास पहुंचे चीन और रूस के युद्धपोत

अमेरिका के जलक्षेत्र में एक, दो नहीं बल्कि विदेशी नौसेनाओं के 11 युद्धपोतों की तरफ से घुसपैठ की खबरें आ रही हैं। इन युद्धपोतों के जल क्षेत्र में दाखिल होने के बाद हाल ही में अमेरिकी नौसेना ने चार डेस्ट्रॉयर्स को अलेउतियन द्वीप की तरफ रवाना किया है। क्षेत्र के सीनेटर डैन सुलिवन की तरफ से अमेरिकी मीडिया के सामने इस घटना की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा है कि घटना पिछले कुछ दिनों में हुई है। अमेरिकी नौसेना हाईअलर्ट पर है और चार डेस्ट्रॉयर्स को रवाना कर दिया गया है। सीनेटर सुलिवन ने कहा, 'यह बहुत ही असामान्य है। न केवल अलास्का के लिए, बल्कि अमेरिका के लिए भी कि 11 युद्धपोत जो रूस और चीन के हैं, एक साथ नेविगेशन के खिलाफ जाकर अलास्का में घुसपैठ कर रहे हैं।'

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- मनीष सिंह, मुद्रक- मनीष सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- राजीव तिवारी।